वर्ष- 22 अंक - 121 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

## इंदौर-देवास में 15 ठिकानों पर लोकायुक्त का छापा

# करोड़पति निकला प्रधान आरक्षक



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर के पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) में पदस्थ प्रधान आरक्षक फिरोज खान के 15 ठिकानों पर लोकायुक्त ने आज सुबह 6 बजे से सर्चिंग शुरू की। इन्दौर और देवास में आरक्षक के इन्दौर के 4 और देवास के 11 ठिकानों पर सर्चिंग की जा रही है। 6.26 करोड की आय से अधिक सम्पत्ति अब तक पाई गई है। लोकायुक्त ने इस मामले में फिरोज खान और सहआरोपी रोशनी वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है। क़रीब 125 कर्मचारियों की टीम छापे में शामिल है।



विस्तृत समाचार पेज 12 पर

## दुनिया के नामी स्कूल में कागज-पेन की वापसी

**लंदन.एजेंसी।** ब्रिटेन के सबसे हाई-प्रोफाइल और महंगे बोर्डिंग स्कूलों में से एक 'विंचेस्टर कॉलेज' (जिसकी फीस सालाना करीब 68 लाख रुपए से ज्यादा है) ने क्लासरूम्स में लैपटॉप का इस्तेमाल लगभग बंद कर दिया है। यह वही स्कूल है जहां से ऋषि सुनक और जॉन कीट्स जैसी हस्तियां पढ़कर निकली हैं, उसने अब 'पेन और पेपर' यानी पुरानी वाली पारंपरिक पढ़ाई का दामन दोबारा थाम लिया है।

## आग ही आग, 6 की मौत, डेढ़ दर्जन झुलसे

**बुधवार.एजेंसी।** बिहार के रोहतास जिले में पेट्रोल-डीजल की एक रिटेल शॉप में आग लगने से एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इसी तरह बिहार के गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सफियाबाद गांव में गैस रिसाव के बाद आग लगने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग झुलस गए। महाराष्ट्र के नालासोपारा में हाईराइज इमारत में आग लगने से 2 महिलाओं की मौत हो गई जबकि कई लोग जान बचाने के लिए बाहरी हिस्सों पर लटक गए जिन्हें क्रेन से बचाया गया। दिल्ली में भी एक रेस्टोरेंट में आग लगने के बाद लोग पहली मंजिल से कूद गए।

## नाना पाटेकर जिंदा हैं?

**मुंबई.एजेंसी।** बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर नाना पाटेकर की मौत को लेकर एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता ने दावा किया है कि नाना पाटेकर जिंदा हैं और सवाल किया कि आखिर किसी ने उनका शव क्यों नहीं देखा। उन्होंने इस मामले में डीएनए टेस्ट कराने की मांग भी की है। उन्होंने पूछा कि इतने बड़े कलाकार के अंतिम दर्शन करने का मौका लोगों को क्यों नहीं मिला और उनका अंतिम संस्कार इतनी रात को जल्दबाजी में क्यों किया गया।

## तिहाड़ जेल भेजे गए कॉकरोच सौरव और रांका

नई दिल्ली ● एजेंसी

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के कारण दिल्ली के लोगों को होने वाली परेशानी और व्यापारियों को हो रहे करोड़ों के नुकसान को देखते हुए जंतर-मंतर पर प्रदर्शन पर रोक लगाई गई। इसके बावजूद कॉकरोच जनता पार्टी के सौरव दास, आशुतोष रांका और अजिंक्य शिंदे प्रदर्शन करने के लिए जंतर-मंतर पहुंचे तो पुलिस ने पहले इन्हें हिरासत में लिया। रात में 3 बजे इन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सौरव दास और आशुतोष रांका को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया। आशुतोष रांका का आज जन्मदिन है और आज ही उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी। अजिंक्य शिंदे पीस बॉन्ड भरकर जेल जाने से बच गए।

**जंतर-मंतर जाना पड़ा महंगा, जन्मदिन पर जेल की हवा**

## दुनिया की सबसे बड़ी ऑयल कंपनी अरामको पर मिसाइल अटैक

*हूतियों के हमलों से दहला सऊदी अरब*

रियाद ● एजेंसी

सऊदी अरब पर हूती विद्रोहियों के हमले जारी हैं। देर रात सऊदी अरब के पूर्वी शहर धहरान में दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी 'सऊदी अरामको' के प्रशासनिक परिसर को बैलिस्टिक मिसाइल से निशाना बनाया गया हमले के बाद इमारत में आग लगी, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस बीच सऊदी में हूती हमलों के बाद भारतीय दूतावास ने नई एडवाइजरी जारी कर भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने की हिदायत दी है।

## ब्लू ड्रम केस में आज सुनाई जाएगी सजा

**मेरठ.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मेरठ के चर्चित नीला ड्रम हत्याकांड में आज सजा सुनाई जाएगी। मर्चेंट नेवी अफसर सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में उनकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को कोर्ट 30 सितंबर को दोषी करार दे चुकी है। दोनों आरोपियों ने सौरभ की हत्या कर लाश के टुकड़े नीले ड्रम में भरे थे।



# मुख्यमंत्री की पहल पर अर्बन कॉन्क्लेव इंफ्रास्ट्रक्चर

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मध्यप्रदेश में शहरी विकास को नई दिशा देने और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई पहल करने जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में 28 अक्टूबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में अर्बन कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में शहरी विकास के नए मॉडल, निवेश की संभावनाओं, डिजिटल गवर्नेंस, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की शहरी जरूरतों पर विशेषज्ञों, निवेशकों, स्टार्टअप्स और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श होगा। कॉन्क्लेव के दौरान सीएम डॉ. यादव निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे। इसमें नगरीय क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं, प्रस्तावित परियोजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर संवाद होगा। इसके अलावा वे परियोजनाओं का शुभारंभ करने के साथ-साथ नगरीय विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का भूमि पूजन और लोकार्पण भी करेंगे। इस दौरान कई जन-प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और एक्सपर्ट भी मौजूद रहेंगे। अर्बन कॉन्क्लेव-2026 का उद्देश्य प्रदेश में निवेश, नवाचार, आधुनिक तकनीक और स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रोत्साहित करना है। इसमें निवेशकों, स्टार्टअप्स और युवाओं को सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी ugconclave.mp.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। गौरतलब है कि, कॉन्क्लेव में टियर-2 शहरों के सुनियोजित विकास पर विशेष सत्र आयोजित होगा। इसमें उनके घनत्व, परिवहन आधारित विकास (टीओडी), ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स (टीडीआर), आवासीय पुनर्विकास, मास्टर प्लान, विकास गलियारों, रेरा स्वीकृतियों, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) जैसे विषयों पर चर्चा होगी।



## लालवानी और जोशी ने किया गरबा



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बायपास के समीप श्री वैष्णव धाम मंदिर स्कीम न.140 बिचौली रोड पर प्रति दिन रात्रि में गरबा आयोजित किया जा रहा है। रचना विकास गुप्ता ने बताया कि रेखा जनक गांधी के नेतृत्व में गरबों की प्रस्तुति हो रही है। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी और भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रेष्ठा जोशी ने आरती के बाद गरबा भी किया।

## जिला ब्लाक कांग्रेस स्तर पर हो रहे हैं प्रदर्शन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जिले के सभी 18 ब्लॉकों में कांग्रेस का प्रदर्शन जारी है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की माँग को लेकर कांग्रेस पार्टी में केंद्र से लेकर ब्लॉक स्तर तक धरने और प्रदर्शनों का दौर लगातार जारी है। इसी क्रम में इंदौर जिले के सभी 18 ब्लॉकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। पिछले दिनों से कांग्रेस पार्टी लगातार सड़कों पर है, पैदल मार्च निकालकर विरोध दर्ज करा रही है। तहसील कार्यालयों के बाहर कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सिमरोल, सांवेर, कुड़ैल, राऊ, देपालपुर, गवली पलासिया और अन्य सभी ब्लॉकों में लगातार धरने दिए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े दिल्ली में राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व में आयोजित केंद्रीय प्रदर्शन में शामिल होकर अपना विरोध जता रहे हैं।



## कांग्रेस नेता पहुंचे पदयात्रा में

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जिला कांग्रेस के संगठन महामंत्री दौलत पटेल ने कूटरी वेंकटेश द्वारा की जा रही कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर तक की यात्रा के बीच यात्रा में शिरकत की। अभी तक 115 दिनों की यात्रा पूरी कर चुके हैं और 60 दिनों की यात्रा अब भी शेष है।

## पद्मश्री उज्ज्वल निकम आतंकी हमले और मुकदमे तक की देंगे जानकारी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संस्था सार्थक से जुडे भाजपा नेता दीपक जैन टीनू ने बताया कि संस्था द्वारा विशेष संवाद कार्यक्रम 'द मैन बिहाइंड द वर्डिक्ट' कल 15 अक्टूबर को शाम 4:30 बजे से रविंद्र नाट्य गृह में रखा गया है। इसमें पद्मश्री उज्ज्वल निकम 26/11 के आतंकी हमले से देश के चर्चित मुकदमों तक, न्याय की निर्णायक लड़ाइयों की कहानी फिल्म 'प्रहार' की रिलीज से एक दिन पहले सुनाएंगे।



## पार्षद राजीव जैन का लाइट लगवाने पर सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पार्षद राजीव जैन ने स्कीम नंबर 140 स्थित आनंदवन-2 सोसाइटी के मुख्य मार्ग पर लगी 20 पुरानी लाइटों को हटाकर एलईडी लाइटों को लगा दिया गया है, उसी के बाद रहवासियों ने पार्षद राजीव जैन का आभार मानते हुए सम्मान किया। समीर खंडेलवाल, डॉ. सुभाष चंद्र तिवारी, विजय खंडेलवाल एवं के.के. अरोरा उपस्थित रहे।

## सीपीएम पार्टी ने ग्रामीण क्षेत्र में किया वोटों की हेराफेरी का खुलासा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



करोड़ों लोगों को मताधिकार से वंचित किए जाने के साजिश करता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से इस्तीफा लिए जाने एवं जनतंत्र पर हमले के विरोध में एफआइआर दर्ज किए जाने की मांग को लेकर सीपीएम द्वारा ग्रामीण अंचल में भी आम ग्रामीणों के बीच मोदी सरकार द्वारा ज्ञानेश कुमार के सहयोग से वोटो मे की जा रही हेरा फेरी के प्रति खुलासा किया और मतदान के प्रति अपने अधिकार को लेकर जागरूक रहने की बात भी रखी गई। वोट चोर गद्दी छोड, ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो, लोकतंत्र पर हमला नहीं चलेगा,के नारो के साथ ज्ञानेश कुमार के पुतले भी जलाए गए जिसमे महिला कार्यकर्ता भी शामिल थी और आगे भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। अरुण चौहान, काशीराम नायक, भादर सिंह, सोहेल खान,सीताराम भाई, संजय वशुनिय, मनोहर डाबर सहित अन्य मौजूद थे।



## पूर्व विधायक ने किया पुजारी का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। खजराना गणेश मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक भट्ट एवं उनके साथी पुजारियों का अभिनंदन किया गया। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल एवं मदन परमालिया ने बताया कि पहले भगवान की पूजा की गई और फिर पुजारियों का सम्मान किया गया।



## भागीरथपुरा के नागरिकों के साथ सरकार का मजाक -चौकसे

# 36 लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारी को बनाया कलेक्टर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा है कि भागीरथपुरा क्षेत्र के नागरिकों के साथ मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा मजाक किया गया है। भागीरथपुरा में दूषित जल हादसे में 36 लोगों की मौत के लिए जिस अधिकारी रोहित सिसोनिया को हटाया गया था? उन्हें रायसेन का कलेक्टर बनाकर राज्य सरकार के द्वारा मजाक किया गया है। चौकसे ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि हाल ही में भागीरथपुरा की घटना की जांच करने वाले आयोग की रिपोर्ट आ चुकी है। इस रिपोर्ट में जिन अधिकारियों को दोषी माना गया है उनमें सिसोनिया भी शामिल है। ऐसे में इस अधिकारी को घटना के बाद केवल इंदौर से स्थानांतरित किया गया था। इस अधिकारी के निलंबन की घोषणा जरूर की गई थी लेकिन निलंबन का आदेश जारी नहीं हुआ था। अब जब भागीरथपुरा के लोग जांच आयोग की रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं तब सरकार के द्वारा सिसोनिया को कलेक्टर बनाकर इन नागरिकों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। राज्य सरकार के इस फैसले से भागीरथपुरा क्षेत्र के नागरिक अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि जांच आयोग की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए सिसोनिया के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए था।

### झाडे ने सरकार के निर्देश पर काम किया

चौकसे ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ परीक्षित झाड़े को शाजापुर का कलेक्टर बनाकर यह बता दिया गया है कि उनके द्वारा अपने कार्यकाल में जो कुछ किया गया वह सरकार के निर्देश पर किया गया। ध्यान रहे कि पिछले महीने जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम था तब झाडे के द्वारा प्राधिकरण के मैदान पर इस कार्यक्रम को करने की अनुमति देने के लिए चार दिन का किराया 14 लाख रुपए लिया गया था। अब 1 महीने के लिए पटाखा की व्यावसायिक दुकान इस जमीन पर लगाने का किराया मात्र 4 लाख लेने का षड्यंत्र किया जा रहा है। हकीकत में देखा जाए तो सरकार ने झाडे को कांग्रेस के कार्यक्रम में समस्या पैदा करने का इनाम दिया है। उक्त पूर्ण जानकारी शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे ने दी।



# ज्ञानेश कुमार हटाओ संविधान बचाओ- कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज देपालपुर विधानसभा के बेटमा ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा कथित वोट चोरी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का अम्बेडकर चौराहा,बेटमा में पुतला दहन कर लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए संविधान के अनुच्छेद 326 के प्रति निष्ठा की शपथ ली गईं। साथ ही कांग्रेसियों ने कहा वोट चोरी बंद करो! लोकतंत्र की रक्षा करो! संविधान की गरिमा बनाए रखना हमारा संकल्प है, ज्ञानेश कुमार हटाओ-संविधान बचाओ। उक्त जानकारी कांग्रेस नेता मोतीसिंह पटेल ने दी।

### बृजमोहन राम के राज्यपाल बनने पर रजक समाज में खुशी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ.भा. धोबी महासंघ के संरक्षक बृजमोहन राम के ओडिशा राज्यपाल बनने पर रजक समाज में हर्ष की लहर है। समाजजनों ने कहा कि यह समाज के लिए गर्व की बात है। समाज के पदाधिकारियों ने बधाई संदेश बृजमोहन राम को राज्यपाल बनने का भेजा है। प्रकाश सिंघोड़िया, कैलाश कनोजिया, बंशीलाल चौरसिया, विनोद राठौर, शिवनारायण कोदिया, शकुंतला बड़े, महेश ढालिया ने बधाई दी है।

# सफाई कर्मियों के हित में लड़ने वाले संतोष कल्याणे हुए निराश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पांच दिवसीय सफाई कर्मियों की कई मांगों के हित में काम बंद हड़ताल पांच दिनों तक करने वाले संतोष कल्याणे ने हड़ताल को आगे भी करने का ऐलान किया था, लेकिन वह हड़ताल आगे नहीं चल सकी। कल संतोष कल्याणे ने वीडियो जारी कर कहा कि समाज के वरिष्ठों ने जिस तरह से शासन-प्रशासन और निगम के साथ मिलकर जिस प्रकार सफाई कर्मियों के संवैधानिक आन्दोलन को जबरिया खत्म कराया, मकान तोड़ने और कर्मचारियों को काम से बंद करने की धमकी अधिकारियों ने दी, पुलिस ने भी एफआईआर करने की बात कही थी। उसी कारण हड़ताल को जबरिया समाप्त कर कर्मचारियों से बंधवा मजदूर की तरह काम करवाया गया। श्रम कानूनों का उल्लंघन भी किया गया उसी से निराश और दुःखी होकर हड़ताल का नेतृत्व करने वाले संतोष कल्याणे ने कहा कि अब मैं समाज के ही लोगों से परेशान होकर सनातन धर्म छोड़ूंगा। आज धम्मचक्र परिवर्तन दिवस है, इसी दिन 70 साल पहले बाबा साहब आम्बेडकर ने भी कहा था कि मैं हिन्दू पैदा हुआ हूं, लेकिन हिन्दू मरूंगा नहीं। अब यही स्थिति संतोष कल्याणे ने बताई और कहा कि मैं हिन्दू पैदा हुआ, लेकिन हिन्दू मरूंगा नहीं। 28 अक्टूबर को संघ के प्रमुख मोहन भागवत के आगमन पर उनसे ही स्वीकृति ली जाएगी कि आप हमें हिन्दू धर्म से मुक्त कर दीजिए।

# प्रदेश कांग्रेस को भेजी मंडलम अध्यक्षों की जानकारी

**शहर कांग्रेस ने बताया कौन-से समाज के हैं, क्या करते हैं और उनका मोबाइल नम्बर क्या है**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश के सभी शहर और जिला से मंडलम अध्यक्षों की जानकारी पूर्ण रूप से भेजने के निर्देश दिए थे और उसी आधार पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे ने संगठन महामंत्री प्रभारी संजय बाकलीवाल को जानकारी एकत्रित कर भेजने के निर्देश दिए थे। बाकलीवाल ने बताया कि शहर के 85 वार्डों के मंडलम अध्यक्षों की जानकारी प्रदेश कांग्रेस को भेज दी गई है। वार्ड अध्यक्षों की सामाजिक याने किस समाज के हैं उसके साथ में वे पेशे से क्या कर रहे हैं और उनका हस्तक्षेप कहां कितना है और साथ ही मंडलम अध्यक्षों के मोबाइल नम्बर भी मंगवाए थे। बाकलीवाल ने मंडलम अध्यक्षों की जाति, व्यवसाय और उम्र, मोबाईल नम्बर की जानकारी प्रदेश कांग्रेस को भेज दी गई।

## राहुल गांधी को जानकारी देने वालों को किया सम्मानित



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भागीरथपुरा दूषित जलकांड में हुए दिवंगतों को श्रद्धांजलि देने के लिए लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी भी विगत दिनों आए थे। राहुल गांधी को पीड़ितों ने जानकारी घटना की दी थी उन जानकारी देने वालों को कल लक्ष्य गरबा मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। लक्ष्य गरबा मंडल से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और उनके भाई भरत पटवारी जुड़े हुए हैं। सम्मान करने वालों में दीपक मलोरिया रानू, आशीष यादव, रमेश बिंजवा, पूनम सांवरिया, छोटेलाल मौर्य, प्रवीण सूर्यवंशी, धर्मेंद्र कुमावत, महेश खींची, घनश्याम यादव को सम्मानित किया गया। संचालन जितेन्द्रसिंह ठाकुर ने किया।

# बिजली के खम्भे हटाने पर खर्च होंगे 2 करोड़ ठेकेदार को 90 दिन में देना होगा काम को अंजाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम के द्वारा सड़क बनाने में बाधक बिजली के खंभे को हटाने पर दो करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस काम को करने के लिए ठेकेदार को 90 दिन का समय दिया जाएगा। इस अवधि में ठेकेदार को अपना काम पूरा करना होगा।

नगर निगम के द्वारा जब भी कहीं नई सड़क बनाई जाती है या पुरानी सड़क को चौड़ा करने का काम किया जाता है तो सबसे बड़ी समस्या पहले से लगे हुए बिजली के खम्भे की होती है। इन बिजली के खंभे पर हाई टेंशन लाइन और को टेंशन लाइन डाली हुई होती है। सड़क को चौड़ा करने के साथ में यह ख़म्भे सड़क के बीच में आने लगते हैं। ऐसी स्थिति में इन खम्भों को निकाल कर फिर से सड़क के किनारे पर शिफ्ट करना आवश्यक हो जाता है। कई स्थानों पर नगर निगम के द्वारा इस काम पर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं। नगर निगम के द्वारा जोनल कार्यालय क्रमांक 17 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 21 में चंद्रगुप्त मौर्य चौराहे से भानगढ़ पुल तक सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें सड़क के एक साइड में बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर आ रहे हैं। निगम के द्वारा जब सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया था तब इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। अब जब नागरिकों के द्वारा इस बारे में शिकायत की जाने लगी और क्षेत्र में इन खम्भे के कारण वाहन दुर्घटना होने लगी तो निगम का ध्यान इस स्थिति की तरफ गया है। ऐसे में नगर निगम के द्वारा अब बिजली के इन ख़म्भों को शिफ्ट करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई है।



## ऑयल के सड़क पर पसरने से फिसले वाहन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल रात देखने में आया कि पाटनीपुरा चौराहा पर ऑयल रोड पर पसरा हुआ था और उसी के चलते कई वाहन फिसले भी इसकी जानकारी नगर निगम और यातायात पुलिस की टीम को दी गई। तत्काल पुलिस और निगम की टीम ने ऑयल सफाई की व्यवस्था कराई।

# इंदौर में जल संकट से निपटने की तैयारी जारी

## होटल, हॉस्पिटल, स्कूल-कॉलेज और मॉल में लगेंगे टर्शियरी ट्रीटमेंट प्लांट

**निगम आयुक्त ले रहे बड़े संस्थानों की बैठकें, अब तक 30 एमएलडी पानी की जरूरत आई सामने**

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर में आगामी जल संकट की आशंका को देखते हुए नगर निगम ने पानी की खपत कम करने और वैकल्पिक जल स्रोत विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल होटल, अस्पताल, मॉल, बड़े शैक्षणिक संस्थानों और औद्योगिक संगठनों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। मकसद यह पता लगाना है कि बड़े संस्थानों को प्रतिदिन कितने पानी की जरूरत होती है और इस मांग का कितना हिस्सा ट्रीट किए गए पानी से पूरा किया जा सकता है।

अब तक सामने आई 30 एमएलडी पानी की जरूरत

नगर निगम आयुक्त के अनुसार, होटल, अस्पताल, मॉल और उद्योगों से जुड़े संगठनों के साथ चर्चा में अब तक प्रतिदिन करीब 30 एमएलडी पानी की जरूरत सामने आई है। एमएलडी यानी मिलियन लीटर प्रतिदिन। यह आकलन बड़े संस्थानों की पानी संबंधी आवश्यकताओं को समझने और भविष्य की रणनीति बनाने में मदद करेगा।

**बड़े संस्थानों पर फोकस-** नगर निगम की प्राथमिकता उन संस्थानों पर है, जहां पानी की खपत अधिक होती है। होटल, हॉस्पिटल, स्कूल-कॉलेज, मॉल और औद्योगिक इकाइयों में पानी का उपयोग कई कामों के लिए किया जाता है। निगम इन संस्थानों से चर्चा कर रहा है कि पीने योग्य पानी की जगह किन कामों में ट्रीट किए गए पानी का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**पानी की बचत और भविष्य की रणनीति-** नगर निगम अब रहवासी क्षेत्रों, निर्माण क्षेत्र, ऑटोमोबाइल सेक्टर और अन्य बड़े जल उपभोक्ताओं से भी चर्चा करने की तैयारी में है। उद्देश्य शहर में प्रतिदिन होने वाली पानी की खपत का आकलन कर वैकल्पिक व्यवस्था विकसित करना है। यदि बड़े संस्थान अपने यहां निकलने वाले पानी को ट्रीट कर दोबारा उपयोग में लाते हैं, तो ताजे पानी की मांग घट सकती है। इससे पेयजल संसाधनों पर दबाव कम करने और संभावित जल संकट से निपटने में मदद मिल सकती है।

**क्या है टर्शियरी ट्रीटमेंट प्लांट?-** टर्शियरी ट्रीटमेंट प्लांट सीवेज ट्रीटमेंट की उन्नत प्रक्रिया है। इसमें पहले से ट्रीट किए गए गंदे पानी को अतिरिक्त फिल्ट्रेशन और डिसइन्फेक्शन जैसी प्रक्रियाओं से गुजारा जाता है, ताकि उसकी गुणवत्ता और बेहतर हो सके। इस पानी का उपयोग गुणवत्ता मानकों के अनुसार टॉयलेट फ्लशिंग, बागवानी, कूलिंग टावर और सफाई जैसे कामों में किया जा सकता है। हालांकि, इसे सीधे पीने योग्य मानना सही नहीं है। पेयजल के लिए अतिरिक्त उपचार और निर्धारित मानकों की पुष्टि जरूरी होती है।

**देश के बड़े संस्थानों में हो रहा इस्तेमाल-** देश में कई बड़े संस्थान ट्रीट किए गए पानी का पुनः उपयोग कर रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, इन्फोसिस अपने विभिन्न परिसरों में सीवेज ट्रीटमेंट और उन्नत उपचार तकनीक के जरिए पानी को रिसाइकिल करता है। आईआईटी रुड़की के परिसर में भी टर्शियरी ट्रीटमेंट की व्यवस्था है, जहां उपचारित पानी का उपयोग बागवानी के लिए किया जाता है। ऐसे उदाहरण इंदौर के बड़े संस्थानों के लिए उपयोगी मॉडल बन सकते हैं।

## सिरपुर के श्मशान घाट में की जाएगी लाइट की व्यवस्था

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** नगर निगम के द्वारा धार रोड पर स्थित सिरपुर के श्मशान घाट में लाइट की व्यवस्था की जाएगी। इस बारे में क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा की गई शिकायत के आधार पर निगम के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर फैसला लिया गया है। नगर निगम के पास पिछले काफी समय से यह शिकायत आ रही थी कि निगम के जोनल कार्यालय क्रमांक 16 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक एक में स्थित सिरपुर के श्मशान घाट में प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सूर्यास्त होने के बाद इस श्मशान घाट में स्थिति बहुत ज्यादा खराब हो जाती है। वहां पर आपात स्थिति में भी यदि किसी को जाना पड़ता है तो प्रकाश की व्यवस्था नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार नागरिकों के द्वारा इस श्मशान घाट में प्रकाश की व्यवस्था करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों से आग्रह किया गया लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। अब जाकर नगर निगम के अधिकारियों को इस बात का एहसास हुआ है कि श्मशान घाट में भी लाइट होना चाहिए। यह एहसास होने के बाद नगर निगम के द्वारा इस श्मशान घाट में प्रकाश की व्यवस्था करने के लिए योजना तैयार कर उसे मंजूरी दी गई है। इस योजना पर 1.40 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। निगम के अधिकारियों का मानना है कि जब काम शुरू होगा तो फिर इस काम को पूरा होने में एक महीने से भी कम समय लगेगा।

**कुम्हारखाडी श्मशान का भी प्रोजेक्ट मंजूर-** इसके साथ ही इंदौर नगर निगम के द्वारा कुम्हारखाड़ी के श्मशान घाट का भी प्रोजेक्ट मंजूर कर दिया गया है। निगम के जोनल कार्यालय क्रमांक एक के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 10 में यह श्मशान घाट आता है। यहां पर भी पिछले काफी समय से बिजली की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण क्षेत्र के नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति में नगर निगम के द्वारा करीब 6 लाख रुपए की लागत से इस श्मशान घाट में बिजली की व्यवस्था करने का फैसला लिया गया है। निगम के द्वारा कोशिश की जा रही है कि दिसंबर के महीने में इस श्मशान घाट में प्रकाश की व्यवस्था पूरी कर दी जाए।

## शहर में ठेका देकर लगवाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरा

### ठेकेदार एजेंसी कैमरा लगाने के साथ उसके संचालन और मरम्मत का काम भी करेगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर में ठेका देकर सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाएंगे। इसमें ठेका लेने वाली एजेंसी के द्वारा कैमरा लगाने के साथ-साथ उसके संचालन और मरम्मत का काम भी किया जाएगा।

निगम के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा दो अलग-अलग हिस्से में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए ठेका देने की प्रक्रिया को शुरू किया गया है। विभाग के द्वारा इस कार्य को करने के इच्छुक फर्म से उनके ऑफर बुलवाए गए हैं। इसके लिए दो अलग-अलग प्रस्ताव तैयार कर मंजूर किए गए हैं। इन प्रस्ताव में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि संबंधित फार्म को उसके लिए निर्धारित किए गए क्षेत्र में कितने स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगाना होंगे। इस बारे में प्रस्ताव में यह कहा गया है कि नगर निगम के द्वारा जिन स्थानों को चिन्हित करते हुए आदेशित किया जाएगा वहां पर सभी स्थानों पर इस एजेंसी को सीसीटीवी कैमरा लगाना पड़ेंगे।

निगम के द्वारा निजी क्षेत्र को ठेके पर दिए जा रहे इस काम के लिए यह शर्त रखी गई है कि संबंधित एजेंसी को 10 वर्ष तक कैमरा लगाने के साथ ही साथ उसका संचालन और संधारण भी करना होगा। शहर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के द्वारा स्मार्ट सिटी कंपनी के माध्यम से सीसीटीवी सर्विलेंस के नियम तैयार किए गए थे। इसके साथ ही निगम के द्वारा यह ऐलान किया गया था कि पूरे शहर में हम सीसीटीवी लगाकर जन सुरक्षा को सुनिश्चित करने का कार्य करेंगे। सीसीटीवी कैमरा लग जाने पर नागरिकों को अतिरिक्त सुरक्षा कवच मिल सकेगा। कहीं भी कोई घटना दुर्घटना होने पर पुलिस भी इस सीसीटीवी कैमरा से फुटेज निकलवा सकेगी और उस घटना के दोषियों को चिन्हित करने का काम कर सकेगी। जब दोषी चिन्हित हो जाएंगे तो फिर उन पर कार्रवाई करने में भी पुलिस को कहीं कोई परेशानी नहीं होगी। इसके साथ ही संबंधित दोषियों के खिलाफ यह डिजिटल साक्ष्य भी मौजूद रहेगा।

**शासन ने की थी सराहना-** नगर निगम के द्वारा नागरिकों को सुरक्षा की अतिरिक्त पहल करने के लिए बनाए गए सीसीटीवी सर्विलेंस की राज्य सरकार के द्वारा भी सराहना की गई थी। उसके बाद से इन नियमों के बनने के बाद भी नगर निगम की ओर से सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाए जाने के कारण इस नीति का कोई मतलब नहीं निकल रहा था। अब जाकर नगर निगम यह सीसीटीवी कैमरा लगाने की दिशा में पहल करता हुआ नजर आ रहा है। निगम की ओर से यह कोशिश की जा रही है कि वर्ष 2026 का समापन होने से पहले शहर में सुरक्षा का यह अतिरिक्त कवच उपलब्ध कराया जाएं।

**सबसे पहले मुख्य मार्ग-** निगम के द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार सबसे पहले शहर के सभी मुख्य मार्ग पर सीसीटीवी का कवरेज किया जाएगा। इन सभी मार्गों को पूरी तरह से तीसरी आंख के दायरे में लेने का काम किया जाएगा। जब यह काम पूरा हो जाएगा तो फिर मुख्य मार्ग को जोड़ने वाले लिंक रोड पर फोकस किया जाएगा।

## रामबाग की दादावाड़ी में नवनिर्माण का भूमिपूजन

### 9000 वर्ग फीट क्षेत्र में बनेगी बहुमंजिला इमारत, 32 कमरों के साथ नई होगी भोजन शाला-रसोईघर





**इंदौर।** रामबाग क्षेत्र में स्थित दादावाड़ी में 9000 वर्गफीट क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत का निर्माण होगा। इसी इमारत में 32 सुविधाजनक कमरे होंगे। इसके साथ ही आराधना के लिए सभागार भोजशाला और रसोईघर भी नए बनाए जाएंगे।

रामबाग की दादावाड़ी का अपना एक अलग और उज्जवल इतिहास है। गणेश कॉलोनी में स्थित इस दादावाड़ी की जमीन को 1957 में एक ट्रस्ट को अमरावमल अजमेर वालों के द्वारा दी गई इसके बाद इस जमीन पर 1964 में रामबाग दादावाड़ी में धर्मशाला बनकर तैयार हुई थी। इस दादावाड़ी को खरतरगच्छ जैन समाज को दिया गया था। इस दादावाड़ी का संचालन करने वाले ट्रस्ट के द्वारा अब इस दादावाड़ी में बहु मंजिला इमारत तैयार की जाएगी। इस इमारत में 5000 स्क्वायर फीट का प्रवचन हाल होगा आराधना के तीन भवन होंगे आधुनिक भोजनशाला रसोईघर और कार्यालय होंगे। इसके साथ ही भक्तजनों की सुविधा के लिए 32 आधुनिक कक्ष तैयार किए जाएंगे।

रामबाग दादावाड़ी को नया स्वरूप देने के लिए गत दिनों मनोहर श्री जी मसा की शिष्या सुभद्रा श्रीजी मसा, शुभंकरा श्रीजी मसा आदि ठाणा, चंद्रप्रभा श्री जी मसा की शिष्या विजय प्रभा श्रीजी मसा और प्रभंजना श्रीजी मसा की उपस्थिति में भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी सज्जन लाल प्रमोद कुमार सेठी थे। इस भवन के निर्माण में सहयोग देने वाले समाजजनों का बहुमान किया गया। यह बहुमान न्यास मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र गांधी, अजय छजलानी, हेमंत लसोड, अनिल मेहता, महेश गोलछा, डॉ वसंत लूनिया, हेमंत मालू ने किया। इस कार्यक्रम में अग्निबाण के प्रधान संपादक राजेश चेलावत, श्वेतांबर जैन महासंघ के अध्यक्ष विजय मेहता, कैलाश नाहर, आशीष शेखावत, देवेन्द्र सेठी, अनिल राखेचा व गुरुभक्त विशेष तौर पर उपस्थित थे। इस मौके पर धर्मेंद्र मेहता और ललिता संचेती का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार कोठारी ने किया। आभार प्रदर्शन सुरेश डोसी ने किया।

## आयशर वाहन की टक्कर से बाइक सवार ड्राइवर की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बायपास पर सेज यूनिवर्सिटी के पास एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।**

बताते है कि घटना बायपास स्थित सेज यूनिवर्सिटी के पास हुई। मृतक की पहचान नवीन पिता मुन्ना, (40) निवासी तेजाजी नगर के रूप में हुई है।नवीन पेशे से ड्राइवर थे और अपनी बाइक से किसी काम से जा रहे थे। जब वे सेज यूनिवर्सिटी के पास बायपास से गुजर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नवीन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

# बंगाली समाज स्वर्णकार समिति कल निकालेगी चल समारोह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बंगाली समाज स्वर्णकार समिति इन्दौर सराफा, द्वारा श्री शारदीया दुर्गा पूजा उत्सव के अन्तर्गत कल 15 अक्टूबर गुरुवार की शाम 4 बजे से सराफा, पिपली बाजार से यह चल समारोह बिजासन रोड स्थित वृंदावन गार्डन तक निकाला जाएगा जहां धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं बंगाली समाज की मातृशक्तियों के लिए ड्रेस कोड सफेद और लाल वस्त्र निर्धारित किए गए है। अच्छी वेशभूषा और अच्छे आयोजन पर पुरस्कार भी दिए जाएंगे। अध्यक्ष विश्वजीत सामई, देवदास देवप्रधान, प्रशांत खामरोई, मुकुन्दं पाकिरा, अविजीत माईती, प्रवीर समाई, जगन्नाथ हाजरा, श्यामल सानकी, दीपक समाई, विश्वजीत बक्शी, सुकुमार सानकी, विजय माजी, सुजित सामई, संजय घोड़ई, चिन्मय दास, दिलीप मंडल, काशीनाथ घोष आयोजन से जुडे है। चल समारोह के बाद भोजन प्रसादी का आयोजन रखा है। महाष्टमी पूजन 19 अक्टूबर को किया जाएगा। सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजन होंगे। शाम को आरती भी होगी। वहीं 20 अक्टूबर महानवमी को सुबह देवीर पूजा और पुष्पांजलि का आयोजन होगा। संध्या आरती के बाद सांस्कृतिक अनुष्ठान होंगे। रात्रि में भोजन का आयोजन रखा गया है। कल से ही यह आयोजन शुरू होंगे जो 20 अक्टूबर तक चलेंगे। वहीं 25 अक्टूबर रविवार को कार्तिक पूर्णिमा पर रात्रि में आयोजन होंगे।



## बंगाली धुनुची गरबा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आद्य शक्ति गरबा महोत्सव मिश्र नगर अन्नपूर्णा रोड में बंगाली धुनुची नृत्य गरबा आयोजित किया गया। कल तलवार से शौर्य गरबे की प्रस्तुति दी गई। नरेन्द्रसिंह राठौर, रजनीश जोशी, कैलाश गुप्ता सहित अन्य का सहयोग है।



## बंगाली परिधान में मातृशक्ति द्वारा माँ की आराधना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पीपल्याहाना, कालिंदी कुंज के पास स्थित रॉयल रेजीडेंसी पर गरबा महोत्सव का शुभारंभ बंगाली संस्कृति के धुनुची नृत्य सहित गरबा की प्रस्तुति के साथ हुआ। क्लब के अध्यक्ष अमित गांगुली ने बताया कि इस नृत्य के माध्यम से रॉयल रेजीडेंसी क्लब की महिलाओं ने बंगाली परिधान में माता रानी को अपने महोत्सव में पधारने का न्योता दिया।



## स्काउट के बच्चे दे रहे है बिजासन माता में सेवा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्काउट गाइड से जुडे बच्चों द्वारा बिजासन माता मंदिर पर 9 दिवसीय सेवा शिविर में सेवा प्रदान की जा रही है। आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह स्काउट गाइड व्यवस्था में जुटे है।

## बिजासन मंडल ने किया हलवा प्रसाद का वितरण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माँ बिजासन माता सेवा मंडल द्वारा शक्तिपीठ नौ माता वाली बिजासन टेकरी पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस वर्ष भी फलाहारी हलवा प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। वहीं संस्था द्वारा जूता-चप्पल स्टैंड और शीतल जल की व्यवस्था भी की जा रही है। सुभाष कापसे ने उक्त जानकारी दी।



## सप्तश्रृंगी माता का दरबार सजा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

सार्वजनिक महोत्सव समिति जयरामपुर कॉलोनी के सचिव अनिल आगा ने बताया कि इस 33वें वर्ष में भी माता की आराधना हो रही है। महाराष्ट्र स्थित वाणी शहर निवासिनी माता सप्तश्रृंगी देवी की प्रतिकृति बनाई गई है, जिसमे हुबहू मन्दिर में स्थापित विग्रह माता सप्तश्रृंगी के रूप में ही बनाया गया है, बंगाल के प्रसिद्ध कलाकारो द्वारा प्रतिमा का निर्माण और श्रृंगार भी किया गया है। रोजाना पूजा-पाठ और आरती के आयोजन भी हो रहे है।

## कालिका माता मंदिर जवाहर मार्ग पर आज रात जागरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री कालिका माता मंदिर, जवाहर मार्ग, वाघमारे का बगीचा में नवरात्रि में बडी संख्या में श्रद्धालु मां कालिका और चामुण्डा माता के दर्शन करने पहुंच रहे है। नौ दिनों तक आयोजन हो रहे है। पं. नरेंद्र शर्मा ने बताया कि आज रात 9 बजे से भजन गायक सतीश ठाकुर मां कीर्तन की प्रस्तुतियां देंगे। आज जागरण का आयोजन रात 9 बजे से होगा।

## भाजपा नेता फतेहचंदानी कल माँ अन्नपूर्णा को चढ़ाएंगे चुनरी

### 501 फीट की अखंड चुनरी तैयार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



भाजपा नेता और सिंधी समाज से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता पंकज फतेहचंदानी नवरात्रि में माँ शक्ति की आराधना में कल 15 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे नामदेव पंजवानी स्कूल, शारदा मंदिर से अखंड 501 फीट की चुनरी यात्रा निकालेंगे। यह चुनरी यात्रा रास्ते में माँ के जयकारों के साथ अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचेगी, जहां स्थापित तीनों देवियों को यह चुनरी अर्पण की जाएगी। रास्ते में जगह-जगह चुनरी और श्रद्धालुओं का स्वागत भी होगा। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां, साधु-संत और किन्नर भी शामिल होंगे। इस आयोजन से युवाओं को भी जोड़ा जा रहा है।



## डायमंड क्लब ने किया एकदिवसीय गरबा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** डायमंड क्लब गरबा नाइट द्वारा एक दिवसीय गरबे का आयोजन हंसदास मठ में किया गया। सीमा जैन, किरण बम, डिम्पल दामाड़े ने बताया 250 महिलाओं ने भागीदारी इस गरबा में की। अच्छी प्रस्तुति पर पुरस्कृत भी किया गया।

## गीता विहार में भक्तिमय माहौल



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गीता विहार में माँ की आराधना का उत्सव, गरबा की उमंग से भक्तिमय माहौल हुआ। समिति से जुड़े कांग्रेस नेता सुनील यादव एवं संस्था के पिंकेश जायसवाल ने बताया कि कांग्रेस नेता सदाशिव यादव, अजय झा, जितेन्द्र यादव, संजय अरोड़ा, जसवंतसिंह टक्कर, मनोज सालविया सहित अन्य अतिथि थे।



# माहेश्वरी कुटुम्ब का सुचारु गरबा आयोजन कल रात तक चलता रहा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब के शारदा-प्रकाश अजमेरा, अशोक ईनानी, पुष्प माहेश्वरी ने बताया कि चार दिनों के प्रशिक्षण के बाद कल मंगलवार की सुबह श्रद्धालुओं की मौजूदगी में चुनरी यात्रा जुलूस निकालकर मां के जयकारों के साथ अन्नपूर्णा माता को चुनरी अर्पण की गई। वहीं माहेश्वरी कुटुम्ब द्वारा कल 800 प्रतिभागियों की मौजूदगी में पहले माता की आरती की गई और फिर ब्ल्यू लोटस गार्डन में बॉलीवुड, मारवाड़ी और गुजराती थीम पर अहमदाबाद की इवेंट टीम के मार्गदर्शन में गरबा की प्रस्तुतियां दी गई। कल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाजजनों के अलावा वैश्य समाजजन और राजनेताओं में सांसद शंकर लालवानी, गौरव रणदिवे, पप्पू ठाकुर, मालिनी गौड़, चिन्टू चौकसे भी पहुंचे थे। आज मारवाड़ी राजपूताना थीम पर गरबे किए जाएंगे।

## बंगाली क्लब में आज शाम से आनन्द मेला

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बंगाली स्कूल एंड क्लब में दो दिवसीय आनंद मेला का शुभारंभ आज शाम को नवलखा स्थित बंगाली क्लब परिसर में होगा। अध्यक्ष जयंतनाथ चौधुरी एवं सचिव रवि नंदी ने बताया कि आनंद मेला का आयोजन स्वाद के शौकिनो के लिए किया जा रहा है। बंगाल के कारीगर आये है। आनंद मेला में मिष्ठी दोही, गुलाब जामुन, संदेश लांछा आदि मधुर व्यंजनो के 20 से अधिक स्टॉल्स लगेंगे। आनंद मेला का समापन गुरुवार को होगा।

## बालिकाओं ने दी गरबे की प्रस्तुति

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सुखदेव नगर एक्सटेंशन-2 स्थित गार्डन में मंगलनाथ मातृशक्ति सेवा समिति द्वारा गरबा



आयोजन किया जा रहा है। माँ की भक्ति नन्ही बालिकाओं से लेकर मातृशक्तियों तक रोजाना कर रही है। क्षेत्रीय रहवासी आयोजन में शामिल हो रहे हैं।



## नीट परीक्षा पास होने पर इस्तकबाल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

इस्लामिया करीमियास सोसायटी के अंतर्गत संचालित हिंदी माध्यम के आईके बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल के दो विद्यार्थियों नोमान खान और मोहम्मद आदिल ने कम सुविधाओं के बावजूद पहली ही बार में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया है। इनमें नोमान खान को एमजीएम और आदिल को एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज में मिली सीट की सफलता पर सोसायटी ने इस्तकबाल किया। इस दौरान इरफान मुल्तानी, अलानूर मुल्तानी, रईस खान, रईस अंसारी, जमील मंसूरी, महमूद मौजूद थे।

## शिक्षकों ने की मानदेय शीघ्र देने की मांग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। म.प्र. शासकीय शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों ने जनगणना प्रभारी अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव से शीघ्र मानदेय देने की मांग की है। जनगणना का कार्य देख रहे सयुंक्त संचालक सांख्यिकी अधिकारी प्रेमचंद परस्ते को संगठन ने दी चेतावनी यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। मानदेय कब दिया जाएगा इसे लेकर सांख्यिकी अधिकारी भी भ्रम में हैं। योजना अधिकारी भूरिया मेडम ने बताया कि



पोर्टल नहीं चल पा रहा है इसलिए भुगतान में परेशानी आ रही है, जल्द ही राशि खातों में डाल दी जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में हरीश बोयत, अशोक मालविया, प्रवीण यादव, दिनेश परमार, अरुण पांडे, पवन मोहनिया, पंकज पिंगले, मनोहर परमार, अविनाश सैनी, राकेश गहलोत, ज्योति वर्मा, प्रीति वर्मा उपस्थित थे।



## माता और शेर रहे कार्यक्रम में आकर्षण का केन्द्र

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जय माँ जबरेश्वरी मण्डल के संदीप देवड़ा ने बताया कि नवरात्रि में रोजाना माँ की पूजा और आरती का आयोजन किया जा रहा है। माता और शेर कार्यक्रम का आकर्षण का केन्द्र बने रहे। कार्यक्रम में टिल्लू, अशोक, रामेश्वर, शुभम, राजा, लल्ला, श्रीकांत की भूमिका प्रमुख रही।



## लायंस ने किया आश्रम में बुजुर्गों का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लायंस क्लब ऑफ इंदौर यूनिक द्वारा दशरथ सेवा आश्रम में वृद्धजनों का सम्मान किया। लायंस सदस्यों ने अपने हाथों से भोजन सेवा की। संतोष गोयल, डॉ. सीपी हेड़ा, पवन पारिख, विनोद जोशी, हरीश उप्पल, मोहनलाल अग्रवाल, आत्माराम अग्रवाल, राधेश्याम काबरा, श्वेता जोशी, विनीता हेड़ा, निर्मल राजपूत, वासुदेव मालू, प्रेम जोशी, विनिता हेड़ा मौजूद थे।

## माहेश्वरी फ्रेण्ड्स ग्रुप का माता आराधना आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माहेश्वरी फ्रेण्ड्स ग्रुप ने माता की आराधना में नवरात्रि में एक दिवसीय गरबा का आयोजन धार रोड गार्डन पर किया। माता की पूजा, आरती के बाद गरबों की प्रस्तुति ग्रुप के माहेश्वरी दम्पति सदस्यों ने दी। सम्पत राधा साबू, गोपाल झंवर, हेमंत ज्योति आगार, महेश पुष्पा काबरा, सीमा सोमानी, गोपाल मंजुला अजमेरा, जगदीश प्रमिला भूतड़ा, महेश दीपा सोमानी, गोविंद उषा राठी, कैलाश गीता सोमानी, राजेश चंदा सहित अन्य मौजूद थे।



## महावर नगर रावण मार्केट में पहुंच रहे हैं खरीददार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महावर नगर में कुछ वर्षो से रावण मार्केट बना हुआ है। यहां सबसे कम कीमत का रावण 300 रु. में मिल जाता है और साइज के मुताबिक दाम



तय होते हैं। प्रकाश महावर कोली ने बताया कि अन्नपूर्णा रोड, महावर नगर के बाहर 10 साल पहले उस समय के 10 वर्षीय आदित्य धनवाडिया ने शौकिया तौर पर रावण का पुतला बनाया था, जिसे राह चलते ने इसे 500 रु. में खरीद लिया था। आदित्य के शौक ने महावर नगर के लोगों को रावण के पुतले निर्माण का रोजगार दे दिया इस समय करीब 50 घरों में रावण के पुतले तैयार किए जा रहे हैं। 51 हजार रु. तक की कीमत के रावण यहां बिक जाते हैं अभी पहला रावण 500 रु. में बेचने की बात भी कही गई है। आदित्य पिछले तीन सालों से राजगढ़ धार के लिए 51 फीट का रावण बनाने का आर्डर ले रहे हैं। माता तुलसी धनवाड़िया और पिता सुरेश धनवाड़िया व परिजनों का सहयोग भी रावण निर्माण में मिल रहा है। इन दिनों महावर नगर के मुख्य मार्ग पर रावण के मुखौटे लगे हुए नजर आ रहे हैं।

## इंसीया और हावरा का बोहरा समाजजनों किया सम्मान

### श्रीलंका के खिलाफ पाई थी सफलता

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बोहरा समाज से जुड़ी इंसीया होटलवाला और हावरा होटलवाला ने श्रीलंका को हराकर अंतरराष्ट्रीय रोल बॉल प्रतियोगिता में भारत का नाम रोशन किया। सैफी नगर में इंसिया और हावरा होटलवाला का इस्तकबाल आयोजित किया गया। सैफी नगर के आमील शब्बीर हुसामी के अलावा मीडिया प्रभारी



मजहर हुसैन सेठजीवाला, ताहेर सेठजीवाला, युनुस सलीम, ताहेर रतलामवाला, शेख मोहम्मद कुंवरजी सहित अन्य मौजूद थे। उक्त जानकारी मजहर हुसैन सेठजीवाला ने दी।



# जैन महिलाओं ने किया तपस्वी सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन उमंग महिला परिषद का तपस्वी सम्मान समारोह, क्षमावाणी मिलन एवं गरबा-डांडिया कार्यक्रम रखा गया। दस,पांच, तीन उपवास करने वाली तपस्वियों का सम्मान किया गया। हेमा द्वारा आयुर्वेद से जुड़ी उपयोगी जानकारियां दी गई। गरबा-डांडिया, प्रतियोगिताएँ, मज़ेदार सवाल-जवाब आयोजन भी हुए। हेमलता गोधा, रिंकू अजमेरा, मोनिका कासलीवाल,साधना अजमेरा, पूजा बाकलीवाल, नम्रता अजमेरा सहित अन्य मौजूद थी।

## जैन 'प्रज्ञा समाज रत्न' से विभूषित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नरसिंह वाटिका बिजासन रोड पर चल रहे चातुर्मास में महासती डॉ. कुमुदलता म.सा. की मौजूदगी में दिवाकर दरबार में विभूतियों का सम्मान किया गया जिसमें जिनेश्वर जैन को 'प्रज्ञा समाज रत्न' की उपाधि से अलंकृत किया गया।मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रकाश भटेवरा, रमेश भंडारी, नरेंद्र मेहता, राजेश मेहता, छगनलाल जैन, महेश जैन, महेन्द्र जैन, हनुमान पोरवाल, हंसकुमार जैन, समरथमल कोठारी, हिमांशु बेटादरा, गजेन्द्र बोड़ाना, अभय झेलावत, अतुल कोठारी, हेमन्त बोहरा, राजकुमार जैन, दिलीप जैन, महावीर नाबरिया, पदम तातेड, सुरेश देशलहरा, विमल तातेड, अरुण मेहता, अरविंद मेहता, नवीन मेहता, हुलास बेताला सहित अन्य मौजूद थे।

## डिबेट कॉम्पिटिशन में मदीहा मंसूरी फर्स्ट रनरअप



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अल-हिरा पब्लिक स्कूल की वक्ता मदीहा मंसूरी ने आईआईएसटी कॉलेज द्वारा आयोजित अप्रतिम प्रज्ञा अंतरविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता में फर्स्ट रनरअप का खिताब हासिल किया। बडी संख्या में दूसके वक्ताओं ने भी वाद-विवाद में प्रस्तुति दी थी। विद्यालय संचालक, प्राचार्य और अध्यापकों ने बधाई दी।

## निगम जनसुनवाई में पहुंचे 54 आवेदन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा निगम मुख्यालय स्थित अपने कक्ष में जनसुनवाई की गई। संबंधित अधिकारियों को उनके नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा राजस्व, मार्केट, भवन अनुज्ञा, स्वास्थ्य, रिमूव्हल, सीवरेज, जनकार्य सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 54 आवेदन आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए गए।

## सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रीतमलाल दुआ सभागृह में सी.एन. मेलोडियस म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सदाबहार गीत-संगीत संध्या का आयोजन दो दिन पहले किया गया। किशोर कुमार,



अमिताभ बच्चन, रेखा से सम्बंधित गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। सिंगर जितेन्द्र मोन्टू जैन, उमाराव मंडोले, डॉ. पी.वी.एल.एन. राव, पत्रकार राजेश पिपलोदिया, जगदीश राठी, संजयसिंह चंद्रावत, राजेशसिंह चंद्रावत, दीपक मल्होत्रा, चंदा कुण्डलवाल, मधु परमार, गोपाल पांचाल, संगीता बिरथरे, डॉ ज्योत्सना गोमे, नरेश बिरथरे, सुनीता कोठारी, निर्मला परमार, पिंकी मल्होत्रा, दीपिका मल्होत्रा ने प्रस्तुतियां दी। शौकत अली मंसूरी ने संचालन किया।

## विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

रोटरी क्लब ऑफ इंदौर मेघदूत द्वारा सेज यूनिवर्सिटी में साइबर अपराध एवं डिजिटल सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग और निजी जानकारी की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में 150 से 200 विद्यार्थियों




ने भाग लिया। कुलपति डॉ. पृथ्वी यादव, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. अंकुर सक्सेना उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक शिखा काबरा थीं।

## पुलिस कमिश्नर ने किया 14 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा, पुलिसिंग के विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार दिए गए। जिनमें संध्या राय, शिवेन्द्र जोशी, चंद्रकांत पटेल, मुकेश, कमल, राधेश्याम, ऋषिकेश रावत, विश्वेंद्र सिंह जाट, राकेश विश्वकर्मा, सचिन, शिवम, रानू, आरती, शालू का सम्मान हुआ। अधिकारी आर.के. सिंह भी मौजूद थे।

## आईपीएस एकेडमी में संगोष्ठी का समापन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



आईपीएस एकेडमी के इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च में डिजिटल बदलाव और नई तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग एकेडमी द्वारा प्रायोजित इस संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने बताया कि किस तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा साइंस और डिजिटल प्लेटफॉर्म हमारे दैनिक जीवन, शिक्षा, कारोबार और प्रशासन को बदल रहे हैं। संगोष्ठी का विषय 'भारत में डिजिटल रूपांतरणः उभरती प्रौद्योगिकियां किस प्रकार दैनिक जीवन एवं समाज को नया आकार दे रही हैं'। कार्यक्रम का आयोजन पूरी तरह हिंदी में किया गया, ताकि भारतीय भाषाओं में शिक्षा, शोध और तकनीकी विषयों पर चर्चा को बढ़ावा मिल सके। योगेन्द्र जैन, डॉ. संगीता जैन, डॉ. विवेकसिंह कुशवाह, डॉ. विनय गोयल, अंकित बजाज, विकास वर्मा, शिल्पी सिंह, डॉ. शैबल मुखर्जी,डॉ. पल्लवी मुखर्जी, डॉ. विनीता रामचंदानी मौजूद थे।

## नाली के निर्माण को अवैध बताकर की शिकायत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बाणगंगा क्षेत्र के कुशवाह नगर कुए वाली गली में नाली पर निर्माण को शिकायतकर्ताओं ने अवैध निर्माण बताकर इस निर्माण को हटाने की गुहार भी निगम झोन से की है। शिकायत में कहा गया है कि नाली बंद होने से जलभराव की स्थिति बन रही है। शिकायत के बाद भी इसका हल नहीं हो रहा है, अब जनप्रतिनिधियों को भी इसकी शिकायत की जाएगी। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और कलेक्टर जनसुनवाई में भी शिकायत की है फिर भी समस्या हल नहीं हो रही है।





## बालिका लावण्या माँ कालिका के रूप में दे रही है दर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** 10 वर्षीय बालिका लावण्या पंवार नवरात्रि में अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में शाम से लेकर रात तक माँ कालिका के स्वरूप में श्रद्धालुओं को दर्शन दे रही है। छोटे बच्चों से लेकर बड़े भी कालिका स्वरूप में फोटो खिचवा रहे हैं। उक्त जानकारी प्रेमनारायण वेद ने दी।



## इन्द्र ध्वज महामंडल विधान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जैन कालोनी नेमिनगर में आचार्य सुनील सागर म.सा. ससंघ के सानिध्य में चल रहे 21 अक्टूबर तक धर्मप्रभावनापूर्ण इन्द्र ध्वज महामंडल विधान में इन्द्र इंद्राणी बने हैं। वहीं नितिन झांझरी के सानिध्य में पूजा-पाठ भी की गई। कमल रावका, इन्द्रकुमार सेठी, संदीप गंगवाल, वैभव कासलीवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## कोचर का निधन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कोचर पब्लिसिटी से जुड़े महेन्द्र और राजेन्द्र कोचर के पिताजी शुभकरण कोचर का निधन हो गया। शवयात्रा आज सुबह छत्रपति नगर एरोड्रम से निकलकर पंचकुइया मुक्तिधाम पहुंची, जहां बड़ी संख्या में जैन समाजजनों एवं अन्य ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# संगठित संघर्ष की ताकत, व्यापारियों की एकजुटता ने दिखाया अपना असर

## यूपीआई पर प्रस्तावित एमडीआर टलने के घटनाक्रम में देशभर के व्यापारिक संगठनों की साझा आवाज

## भारतीय व्यापार मंडल और अहिल्या चेम्बर्स की आंदोलनकारी भूमिका रही अहम -अक्षय जैन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आंदोलन केवल विरोध दर्ज कराने का नाम नहीं है, बल्कि अपनी मांगों के लिए संगठित होकर निर्णायक दबाव बनाने की प्रक्रिया है। यूपीआई पर प्रस्तावित मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) के मुद्दे पर व्यापारियों की लड़ाई ने यही संदेश दिया है। जब अलग-अलग बाजारों और संगठनों की आवाज एक मंच पर आई, सड़क पर विरोध दिखाई दिया और मांग नहीं माने जाने पर क्यूआर कोड हटाकर नकद कारोबार करने का ऐलान हुआ, तब इस संघर्ष ने व्यापक रूप लिया। इस पूरे घटनाक्रम में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संगठन नेतृत्व, अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल सहित देशभर के मुखर व्यापारिक प्रतिनिधियों की भूमिका उल्लेखनीय रही। इंदौर में अहिल्या चेम्बर्स की अगुवाई में आंदोलन को सड़क से व्यापारिक संस्थानों तक पहुंचाने की कोशिश ने इस मुद्दे को नई धार दी।

23 सितंबर को इंदौर में 125 व्यापारिक संगठनों से जुड़े लगभग दो लाख संस्थानों की भागीदारी के लक्ष्य और समर्थन के साथ नो यूपीआई-डे का आह्वान किया गया। अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज के सदस्य व्यापारियों ने राजबाड़ा पर हजारों क्यूआर कोड स्टैंड सड़क पर लाकर विरोध जताना अपने आप में अनूठा प्रदर्शन था। रीगल चौराहे पर मशाल रैली और पश्चिम क्षेत्र के व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी ने भी आंदोलन को व्यापकता दी। इसके बाद 9 अक्टूबर को व्यापारिक संगठनों ने स्पष्ट ऐलान किया कि यदि प्रस्तावित एमडीआर लागू किया गया, तो निर्धारित तिथि से व्यापारिक संस्थानों में यूपीआई क्यूआर कोड हटाकर नकद कारोबार का रास्ता अपनाया जाएगा। यह घोषणा केवल चेतावनी नहीं, बल्कि मांगों की अनदेखी होने पर सामूहिक विकल्प अपनाने का संदेश थी। अब प्रस्तावित एमडीआर को फिलहाल टाले जाने के घटनाक्रम को व्यापारियों के लिए राहत के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, इसे केवल किसी एक संगठन की जीत कहना उचित नहीं होगा और न ही विरोध को स्थगन का एकमात्र कारण मानने के लिए आधिकारिक पुष्टि जरूरी है। लेकिन संगठित विरोध, लगातार उठाई गई आपत्तियों और सामूहिक दबाव ने इस मुद्दे को नजरअंदाज करना आसान नहीं रहने दिया। इस संघर्ष का सबसे बड़ा सबक यही है व्यापारी जब बिखरे नहीं, बल्कि साझा मांग के साथ खड़े होते हैं, तो उनकी आवाज बाजार की सीमाएं लांघकर राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन सकती है। संगठन मंच देता है, एकजुटता ताकत देती है और निरंतर संघर्ष मांग को प्रभावी बनाता है।



# ज्योति नगर में गरबा से माँ की आराधना

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खरगोन के ज्योति नगर में नवरात्रि पंडाल में माँ दुर्गा की स्थापना के बाद से ही रोजाना पूजन, आरती की जा रही है। शहर में 30 से अधिक स्थानों पर पंडालों में माँ की आराधना गरबा से की जा रही है। ज्योति नगर पंडाल को विशेष रूप से सजाया गया है। बालिकाएं गरबा से माँ की आराधना कर रही है। नितिन मालवीय, दिलीप सोनी, राजेश पाल, मनीष गडकरी, राघवेंद्र आचार्य, प्रकाश चौरे, सचिन मालवीय, महेंद्र जायसवाल, पुष्पेंद्र राठौर, हरीश पाल, राजेश परमार्थी, पंचानन राठौर, प्रमोद जोशी, अर्पित जायसवाल, रवि सोनी, राघवेंद्र डंडीर, मनीष शर्मा, गिरीश कुमावत, प्रदीप पटेल, प्रवीण कुशवाह, मोहित सहित अन्य आयोजन से जुड़े हैं।

# रिजनल पार्क में टिकट का नगद भुगतान बंद, दर्शक वापस लौट रहे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर के सबसे बड़े लेकिन सुविधाओं में पिछड़े पिपलियापाला रिजनल पार्क में टिकट का नगद भुगतान बंद कर दिया गया है। दर्शकों से सिर्फ ऑनलाइन भुगतान लिया जा रहा है। इसके चलते दो दिन से सैकड़ों दर्शक वापस लौट रहे हैं, दशकों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यहां पहले ही कोई सुविधा नहीं है। हालत खराब है। अब जो दर्शक आ रहे हैं, उन्हें भी नई परेशानी दे दी। यह सही नहीं है। इंदौर का सबसे बड़ा और करोड़ो की लागत का यह उद्यान वीरान है। न सालों से नाव चली और न अप्पू घर चालू है। यहां 25 रुपए टिकट है और सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। पहले यहां कई परिवार आते थे, अब बहुत कम आते हैं।



यहां सिर्फ रविवार और बाकी खास मौकों पर ही भीड़ होती है। जैसे 15 अगस्त और 26 जनवरी पर पब्लिक आती है। यह गार्डन 34 करोड़ में बना था, लेकिन धीरे धीरे यह विरान होता गया। पहले कभी यहां वोट चलती थी, अब वह भी बंद है। दर्शक आते तो हैं लेकिन निराश होकर जाते है। यहां कोई बड़ी सुविधा नहीं है। रिजनल पार्क केवल नाम का रह गया है। आने वाले दिनों में गर्मी ज्यादा रहेंगी। उमीद है कि दर्शक अधिक संख्या में आएंगे। ऐसे में नगद भुगतान बंद होंने से उन्हें वापस लौटना पड़ेगा। नुकसान कहीं न कहीं निगम को ही होगा। निगम ही अभी यह गार्डन चला रहा है। हर दिन यहां 500 से ज्यादा और संडे को 1000 से अधिक तथा खास मौकों पर ढाई हजार आते हैं। नगद भुगतान बंद होने से लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यह परेशानी बढ़ाने वाला निर्णय है। हर व्यक्ति यूपीआई नहीं उपयोग करता। कई बार तकनीकी दिक्कत भी होती है। इसलिए नगद भुगतान तुरंत दोबारा चालू किया जाना चाहिए।

# परीक्षा सवा साल लेट, दो माह से रिजल्ट का इंतजार

## राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025: इंतेहां इंतजार की

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एमपी पीएससी की राज्य सेवा परीक्षा-2025 पहले तो पूरे सवा साल देरी से हुई। यह 9 जून 2025 से होना थी। लेकिन निरस्त होकर 7 अगस्त 2026 से हो पाई। अब दो माह होने आए हैं। लेकिन रिजल्ट के पते नहीं है। देरी का आलम यह है कि पीएससी यह तक नहीं बता पा रहा कि आखिर परिणाम कब आएंगें। क्योंकि उसी के बाद इंटरव्यू की तारीखें घोषित हो सकेंगी। वहीं 2026 की मुख्य परीक्षा भी खत्म हुए एक माह बीत गया है। रिजल्ट नवंबर में भी आ पाएगा या नहीं, यह अपने आप में सवाल है। कम पद दिए जाना भी एक बड़ी परेशानी बन चुका है। 2024 में 110 तो 2025 में 158 पद थे। 2026 में सिर्फ 156 पद हैं।

### यह है पीएससी की स्थिति

जानकारी अनुसार राज्य सेवा के पद लगातार घट रहे हैं। 2019 के बाद सिर्फ एक ही बार ऐसा हुआ जब 300 से अधिक पद दिए गए। 2020 से 2026 तक कुल सात बार राज्य सेवा एग्जाम की वैकेंसी आई। लेकिन, इनमें से सिर्फ एक बार 2022 में राज्य सेवा में 457 पद दिए गए। उसके अलावा हर बार 300 से कम पद रहे। इन तीन साल में तो संख्या 200 के भी नीचे रही।

**कब मिले थे बंपर पद**

- 2019 में 571 पद
- 2022 में 457 पद

**कब बिगड़ गई स्थिति**

- 2020 में 260 पद
- 2021 में 290 पद
- 2023 में 229 पद
- 2024 में 110 पद
- 2025 में 158 पद
- 2026 में 155 पद

### देरी की बात, सालों से चल रही रास्ता नहीं निकल रहा

अभ्यर्थियों के लिए मुसीबत यह है कि 2019 के बाद से ही लगातार 7 साल से राज्य सेवा परीक्षा-रिजल्ट-इंटव्यू और अंत में चयन सूची औसत डेढ़ साल में भी जारी नहीं हो पा रही है। देरी केवल 2029 की परीक्षा तक सीमित नहीं रही। राज्य सेवा परीक्षाओं में लेटलतीफी का यह सिलसिला 2021 में भी जारी रहा। इसकी चयन सूची 2022 अंत तक आना थी, लेकिन डेढ़ साल से ज्यादा देरी से जून 2024 में जारी की गई। इसमें कुल 283 पद थे। वहीं, इसके बाद 2022 की राज्य सेवा परीक्षा में भी यह सिलसिला जारी रहा। इसकी चयन सूची तो तय समय सीमा से दो साल से ज्यादा देरी से फरवरी 2025 में आई। 457 कुल पद थे। वहीं राज्य सेवा परीक्षा-2020 की चयन सूची भी एक साल लेट आई। 260 पद थे।

# फ्लाई ओवर निर्माण कार्य में आईटी पार्क की सबसे धीमी रफ्तार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमपी आरडीसी) द्वारा इंदौर के पूर्वी रिंगरोड पर मूसाखेड़ी और आईटी पार्क चौराहे पर दो फ्लाई ओवर ब्रिज और देवास नाका क्षेत्र में सत्यसांई चौराहा और देवास नाका पर लोगों को जाम से राहत दिलाने के लिए करोड़ों रुपयों की लागत से दो फ्लाई ओवर बनाए जा रहे है। इन नवीन फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में सबसे धीमी रफ्तार आईटी पार्क चौराहे पर बन रहे हैं फ्लाई ओवर की है। हालत यह है कि अभी तक बीच के हिस्से के साथ दोनों साइड के हिस्से में भी काम अधूरा पड़ा है। अभी तक यहां बमुश्किल 30 से 40 फ़ीसदी काम भी नहीं हो पाया है।



जबकि मूसाखेड़ी और सत्यसांई चौराहे पर दिन -रात दुगनी तेजी के साथ काम चल रहा है। यही नहीं मूसाखेड़ी और सत्य साईं ब्रिज का निर्माण कार्य दिवाली बाद इसी साल दिसंबर अंत तक पूरे होने के भी आसार है। क्योंकि यहां रात में भी एक्स्ट्रा अनुभवी मजदूरों की टीम लगाकर वरिष्ठ अधिकारियों की टीम की निगरानी में तेजी के साथ काम चल रहा है।

### आईटीपार्क ब्रिज निर्माण के पास सर्विस रोड की भी हालत खराब




यही नहीं आईटी पार्क फ्लाईओवर निर्माण स्थल के पास की सर्विस रोड की भी हालत बहुत ज्यादा खराब है। जहां से निकलने में लोगों को सिंगनल पर दो से तीन बार में जाम में अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ रहा है। जिसके कारण यहां लोगों का ईंधन और समय दोनों खराब हो रहें है। यही नहीं अन्य चौराहों की जगह यहां के निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार पर सवाल उठ रहे है। जबकि मूसाखेड़ी में बाधक निर्माण और धार्मिक स्थल शिफ्टिंग के बाद काम और ज्यादा तेजी के साथ चल रहा है। बीच के हिस्से में बोस्टिंग धनुष आकार में निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहा है। जिसमें एक साइड का काम पूरा भी हो चुका है। जबकि अब दूसरे साइड के हिस्से में दुगनी तेजी के साथ काम हो रहा है।

संपादकीय

# व्यापारियों की चाहत को केवल दिवाली तक एमडीआर टैक्स से राहत

सरकार द्वारा लागू यूपीआई भुगतान पर 15 अक्टोबर से लागू किये जाने वाले एमडीआर टैक्स पर दिवाली तक रोक लगाते हुए दीवाली के बाद इसे लागू करने की घोषणा की गई हैं। सरकार द्वारा अभी दिवाली के बाद एमडीआर टैक्स को लागू करने की तारीख की घोषणा भी नहीं की गई है। व्यापारियों द्वारा एमडीआर टैक्स लागू होने की घोषणा के बाद से ही उनके द्वारा इस टैक्स का विरोध किया जा रहा था। इंदौर शहर सहित देश के अन्य शहरों में इस टैक्स को लेकर व्यापारियों द्वारा नो यूपीआई डे मना कर विरोध भी किया गया था। प्रस्तावित एमडीआर टैक्स में दो हजार से अधिक के भुगतान प्राप्त किये जाने पर व्यापारियों को 04% टैक्स चुकाने के प्रावधान है। यह शुल्क व्पपारियो को ही चुकाना है। भुगतान करने वाले ग्राहकों को यह एमडीआर टैक्स नहीं चुकाना पड़ेगा। शेयर बाजार या मेचुअल फण्ड के भुगतान पर 02% एवं पचहत्तर हजार से अधिक के भुगतान पर अधिकतम तीन सौ रुपये का टैक्स प्रस्तावित है। रेलवे टिकिट, बीमा प्रीमियम एवं अन्य प्रकार के भुगतान करने पर ग्राहकों के लिये पाँच रुपये का नाम मात्र शुल्क लागू करने का प्रस्ताव है। आने वाले त्याहारों के सीजन को देखते हुए दिवाली तक इसे स्थगित करने का निर्णय एक सही और उचित निर्णय है। व्यापारीयो द्वारा तो इस एमडीआर टैक्स को पूर्णतः वापस लेने की मांग की जा रही है जो व्यापार एवं उपभोक्ता दोनों के ही हित में है। यूपीआई भुगतान आज सभी के लिए भुगतान का एक आसान और सरल साधन बन गया है जिससे उपभोक्ता के साथ साथ शासन को भी लाभ हो रहा है। बिजली बिल, बीमा प्रीमियम, रेलवे टिकिट मोबाइल रिचार्ज जैसे अनेक भुगतान जिनका पहले नगदी भुगतान किया जाता था जिसका अब अधिकांश लोगों द्वारा यूपीआई के माध्यम से भुगतान किया जा रहा हैं जिसके कारण बैंको से नकदी निकासी एवं भुगतान प्राप्त करने वाले बिजली, बीमा तथा अन्य सरकारी ऑफिस के साथ साथ व्यवसायियों के भी नकदी रख रखाव में कमी आई है और सरकारी राजस्व वसूली में आसानी और इजाफा भी हुआ है। यूपीआई भुगतान पर एमडीआर टैक्स लागू किये जाने से व्यापारियों द्वारा यूपीआई भुगतान प्राप्त करने में आनाकानी की जा सकती हैं क्योंकि अन्ततः इस टैक्स का भुगतान व्यापारियों को अपने लाभ में से ही करना पड़ेगा, कुछ व्यापारी एमडीआर टैक्स का भुगतान स्वयं न करते हुए इसका बोझ ग्राहकों पर डालने का प्रयास कर सकते हैं जो आम जनता के लिए बढ़ती महंगाई में तड़का लगाने का काम करेगा। टैक्स से बचाव के लिए दुकानदारो द्वारा नगदी भुगतान को भी प्राथमिकता दी जा सकती हैं। डर है कि कही आम आदमी की आदत में आ चुका यूपीआई भुगतान पर लागू एमडीआर टैक्स आम आदमी की यूपीआई से भुगतान करने की आदत को बदल कर फिर से नगदी भुगतान की ओर ना ले जावे जो सरकारऔर आम आदमी दोनों के हित में नहीं है। अच्छा होंगा कि सरकार इस टैक्स को पूरी तरह से वापस ले कर कभी ना लागू करने का फैसला कर लें जो आम आदमी और व्यापारियों दोनों को राहत प्रदान करेंगा। **- मुकेश नागर**

# एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में सह-आरोपी गिरफ्तार

## परदेशीपुरा से पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर आरोपी, पूर्व में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ और बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर हुआ खुलासा

**इंदौर।** शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पिछले दिनों पकड़े गए ड्रग्स तस्कर से जुड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए मामले के सह-आरोपी को परदेशीपुरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस प्रकरण में एनडीपीएस एक्ट की गंभीर धारा 8/29 का इजाफा कर दिया है।




क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, गत 12 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच की टीम ने चेकिंग व गश्त के दौरान शांतिपथ चौराहा के पास, शिवालय मार्ग से एक संदेही रिषभ चौहान निवासी परदेशीपुरा को पकड़ा था। उसके पास से 12.33 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स और एक ओप्पो मोबाइल फोन सहित कुल 1,20,000 रुपये का माल जब्त किया गया था। इस मामले में थाना अपराध शाखा में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था।मुख्य आरोपी रिषभ चौहान से की गई सघन पूछताछ और तकनीकी बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज की कड़ियां जोड़ने पर इस तस्करी के नेटवर्क में एक अन्य आरोपी मयंक उर्फ कृष्णा रघुवंशी निवासी परदेशीपुरा की संलिप्तता उजागर हुई। क्राइम ब्रांच की टीम ने तुरंत त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आरोपी मयंक को भी धरदबोचा। पूछताछ में संलिप्तता प्रमाणित होने पर पुलिस ने प्रकरण में धारा 8/29 एनडीपीएस एक्ट बढ़ाते हुए उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया।

**पान मसाला की दुकान पर करता है काम, पूर्व में भी दर्ज हैं आपराधिक मामले-** पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी मयंक 9वीं कक्षा तक शिक्षित है और वर्तमान में एक पान मसाले की दुकान पर काम करता है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है; उसके खिलाफ थाना परदेशीपुरा में एनडीपीएस एक्ट के तहत और थाना बाणगंगा में मारपीट व अन्य गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज हैं। फिलहाल, क्राइम ब्रांच की टीम गिरफ्तार आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि वह इस ड्रग्स को कहां से लेकर आता था और इस अवैध कारोबार में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं। मादक पदार्थों के इस पूरे नेटवर्क के मुख्य स्त्रोत और सप्लायरों का पता लगाने के लिए गहन अनुसंधान जारी है।

# बुजुर्ग दम्पति से मारपीट, नींबू पानी पिलाते समय दुकानदार और बेटे ने किया हमला

**इंदौर।** एमजी रोड थाना क्षेत्र में कृष्णपुरा छतरी के सामने तबीयत खराब होने पर पत्नी को नींबू पानी पिलाने के लिए गाड़ी रोक रहे एक बुजुर्ग दम्पति के साथ दुकान संचालक और उसके बेटे ने बेरहमी से लात-घूंसों से मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने पर आरोपी ने महिला को भी धक्का देकर सड़क पर गिरा दिया।

पुलिस के अनुसार, यह घटना एमजी रोड थाना क्षेत्र के कृष्णपुरा छतरी के सामने स्थित प्रिंस शू पैलेस दुकान के पास घटी। फरियादी नरेन्द्र पिता अर्जन सिंह कुशवाह (63) निवासी विजय नगर ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित नरेन्द्र ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी की अचानक तबीयत खराब हो गई थी और उन्हें घबराहट महसूस हो रही थी। अपनी पत्नी को नींबू पानी पिलाने के लिए वे प्रिंस शू पैलेस की दुकान के सामने वाली सड़क पर पहुंचे, जहां पहले से ही अन्य गाड़ियां भी खड़ी थीं। जब वे वहां अपनी गाड़ी खड़ी करने लगे, तभी प्रिंस शू पैलेस का दुकानदार और उसका बेटा चिल्लाते हुए वहां आ गए और गालियां देने लगे। जब फरियादी ने उन्हें गाली देने से मना किया, तो दोनों आरोपियों ने मिलकर उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में बुजुर्ग नरेन्द्र के पेट, पीठ, हाथ और पैरों में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। इस दौरान जब उनकी पत्नी बीच-बचाव करने के लिए आगे आईं, तो आरोपियों ने उन्हें भी जोरदार धक्का दे दिया, जिससे वे सड़क पर गिर गईं।पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी मोहन भाटिया और प्रफुल्ल भाटिया दोनों निवासी खातीवाला टैंक के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# कनाड़िया पुलिस ने दबोचे 2 तस्कर,बिना नम्बर की बाइक और स्कूटर जब्त

**इंदौर।** शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कनाड़िया थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 24.49 ग्राम एमडी ड्रग्स और तस्करी में प्रयुक्त दो वाहन जब्त किए हैं।

कनाड़िया थाना पुलिस ने टीजीटी रेस्टोरेंट के पास, टी.पी.एस.-05 क्षेत्र से एक संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी की पहचान राजू उर्फ राजा पिता वकील राठौर, निवासी अरावली परिसर, भूरी टेकरी के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 12.59 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 1,20,000 रुपये है। पुलिस ने ड्रग्स के अलावा एक सुजुकी एक्सेस स्कूटी क्रमांक श्इ 09 अँ 1760 भी जब्त की है। एक अन्य कार्रवाई में कनाड़िया पुलिस ने बिचौली हप्सी क्षेत्र से इसराईल पिता शब्बीर खान, मूल निवासी जिला खंडवा, हाल निवासी खजराना, इंदौर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 11.90 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की गई है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगा रही है कि वे यह अवैध मादक पदार्थ कहां से लेकर आए थे और किसे सप्लाई करने वाले थे।

# नाबालिग पर चाकू से हमला

**इंदौर।** हीरा नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गरबा देखने गए एक नाबालिग पर पुराने विवाद के चलते कुछ युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने बीच बाजार और गरबा स्थल के पास युवक को घेरकर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए और कड़े से सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पुलिस के अनुसार, यह पूरी घटना हीरा नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पशुपतिनाथ मंदिर, बजरंग नगर के पास घटी। फरियादी प्रथमेश (16) ने थाने पहुंचकर अपने साथ हुई इस मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित प्रथमेश ने पुलिस को बताया कि घटना से दो-तीन दिन पहले आरोपी अविरल ने रास्ते में उसकी गाड़ी पर जानबूझकर कट मारा था और उसे रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी दी थी। इसी पुरानी रंजिश के चलते जब बुधवार को प्रथमेश बजरंग नगर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर पर गरबा देखने पहुंचा, तो वहां आरोपी अविरल अपने अन्य साथियों दीपेश निवासी सेठी नगर, आस्तिक निवासी संजय नगर और कृष्णा निवासी नंदा नगर के साथ आ गया। वहां पहुंचते ही आरोपी उसे गालियां देने लगे। जब पीड़ित ने विरोध किया, तो आरोपी आस्तिक ने अचानक अपनी जेब से चाकू निकालकर प्रथमेश की दायीं जांघ पर दो-तीन जोरदार वार कर दिए। इसके साथ ही आरोपी दीपेश ने अपने हाथ में पहने हुए लोहे के कड़े से उसके सिर पर वार किया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। वहीं, अविरल और कृष्णा ने उसे पकड़कर थप्पड़-मुक्कों से पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# खुली जेल से एक कैदी फरार, दैनिक कार्य के लिए बाहर गया बंदी शाम को नहीं लौटा, केस दर्ज

**इंदौर।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र में जिला जेल की खुली जेल व्यवस्था से एक कैदी के फरार होने का मामला सामने आया है। खुली जेल से रोज की तरह अपने दैनिक कार्यों के लिए बाहर जाने वाला एक बंदी शाम को निर्धारित समय पर वापस नहीं लौटा और गायब हो गया। जेल प्रशासन की शिकायत पर पुलिस ने फरार बंदी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना जिला जेल से जुड़ी हुई है। जिला जेल के मुख्य प्रहरी राजेंद्र पाटिल ने थाने पहुंचकर इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि आरोपी बंदी किशोर पिता विलासराव गायकवाड, निवासी रेलवे कॉलोनी, घासपुरा, खंडवा वर्तमान में जिला जेल की खुली जेल में निरुद्ध था। नियमों के तहत इस खुली जेल के बंदियों को प्रतिदिन अपने दैनिक कार्य व मजदूरी आदि के लिए खुली जेल परिसर से बाहर जाने की अनुमति होती है। मंगलवार को भी आरोपी किशोर खुली जेल से अपने निजी कार्य के लिए बाहर गया था और गेट पर तैनात संतरी के रजिस्टर में एंट्री कर बाहर निकला था। नियमानुसार इस बंदी को शाम को तय समय पर वापस खुली जेल पहुंचकर रात्री लॉकअप में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी थी। किंतु, वह निर्धारित समयानुसार वापस नहीं लौटा और लगातार अनुपस्थित रहते हुए फरार हो गया। जेल परिसर के अंदर काफी तलाश करने और उसका कोई सुराग न मिलने पर जेल प्रशासन ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी।

संयोगितागंज थाना पुलिस ने मुख्य प्रहरी की रिपोर्ट पर फरार आरोपी बंदी किशोर गायकवाड के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 14890 | 148200 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 220600 | 218700 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# क्रिकेट मैच की फर्जी टिकट बेचने के नाम पर ऑनलाइन ठगी

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में शातिर बदमाशों ने सोशल मीडिया पर फर्जी लिंक शेयर कर भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले मैच की टिकट दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से हजारों रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह धोखाधड़ी कनाड़िया थाना क्षेत्र के सर्वसंपन्न नगर निवासी मिलिंद पिता जयंत जोशी के साथ हुई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि गत 4 अक्टूबर को उनके साथ यह ऑनलाइन फ्रॉड हुआ था,

**35 हजार से अधिक की धोखाधड़ी**

जिसकी शिकायत के बाद अब पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल फोन पर अज्ञात मोबाइल नंबर 7044145623 के धारक द्वारा फेसबुक पर एक फर्जी लिंक डाली गई थी। इस लिंक के जरिए इंदौर में 11 अक्टूबर को होने वाले भारत और वेस्टइंडीज के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की टिकट उपलब्ध कराने का दावा किया गया था। मैच की टिकट पाने की चाहत में पीड़ित ने जब उस लिंक और बताए गए निर्देशों का पालन किया, तो उनके बैंक खाते से कुल 35,639 रुपये कट गए और ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गए। तय समय और प्रक्रिया के बावजूद जब टिकट नहीं मिले और संपर्क करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए कनाड़िया थाना पुलिस ने साइबर सेल की मदद से प्राप्त तथ्यों के आधार पर अज्ञात आरोपी मोबाइल धारक के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उस बैंक खाते और मोबाइल नंबर की डिटेल खंगाल रही है, जिसके जरिए इस ठगी को अंजाम दिया गया था।

# बदमाशों का हुड़दंग...चलती गाड़ी पर लात मारकर युवक को गिराया और फिर पीटा

**इंदौर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र में सड़क पर दबंगई और मारपीट का एक मामला सामने आया है, जहां आरोपियों ने रास्ते में एक युवक की चलती हुई गाड़ी पर लात मारकर उसे गिरा दिया और उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद से पीड़ित युवक को गंभीर चोटें आई हैं, और पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी मयंक गौड़ पिता जय गौड़, निवासी बक्शीबाग कॉलोनी ने सदर बाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित मयंक ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह अपनी टू-व्हीलर गाड़ी से पोलो ग्राउंड क्षेत्र से अपने घर बक्शीबाग की तरफ लौट रहे थे। जब वे 15 नंबर स्कूल के पास रामबाग क्षेत्र से गुजर रहे थे, तभी आरोपी जग्गा कौशल और गगन कौशल निवासी बाणगंगा वहां अपनी गाड़ी से पहुंचे। आरोपियों ने बिना किसी ठोस कारण के मयंक को गालियां देना शुरू कर दिया। जब फरियादी ने इसका विरोध किया और गालियां देने से मना किया, तो दोनों आरोपियों ने रंजिशवश उनकी चलती हुई गाड़ी पर जोरदार लात मार दी। वाहन पर लात लगने से मयंक का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके दाहिने हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

# इंदौर जिले में 4.25 लाख से अधिक उपभोक्ताओं की मिली सब्सिडी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्य प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना का पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। सितंबर बिल माह के दौरान मालवा-निमाड़ के 15 जिलों के 30 लाख 67 हजार उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिला है। इन्हें 169 करोड़ रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है। मप्र शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के तहत घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को प्रथम सौ यूनिट तक बिजली एक रूपए यूनिट तक दी जाती है। सौ यूनिट से 150 यूनिट तक खपत होने पर 100 यूनिट के बाद प्रचलित दर से बिल तैयार होता है। तीस दिन के अंतराल में 150 यूनिट कुल खपत या प्रतिदिन पांच यूनिट औसत खपत से ज्यादा होने पर उस माह की सब्सिडी प्रदान नहीं की जाती है। पिछले एक माह के दौरान मालवा-निमाड़ में 30 लाख 67 हजार उपभोक्ताओं को 169 करोड़ रूपए की सब्सिडी देकर अटल गृह ज्योति योजना से लाभान्वित किया गया है। लाभान्वित उपभोक्ताओं के बिल में 600 रूपए की अधिकतम सब्सिडी दी गई है। इस योजना के अंतर्गत पिछले एक माह में इंदौर जिले में करीब 4.25 लाख से अधिक उपभोक्ता योजना से लाभान्वित हुए है। इंदौर जिले के उपभोक्ताओं को उन्नीस करोड़ रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है। इसी तरह धार जिले में 2.90 लाख, उज्जैन जिले में 2.87 लाख, खरगोन जिले में 2.76 लाख, रतलाम जिले में 2.34 लाख, मंदसौर जिले में 2.23 लाख, देवास जिले में 2.14 लाख एवं अन्य जिलों खंडवा, बड़वानी, नीमच, शाजापुर, आगर, झाबुआ, बुरहानपुर, आलीराजपुर में 85 हजार से लेकर 1.90 लाख उपभोक्ताओं को अटल गृह ज्योति योजना के अंतर्गत सब्सिडी प्रदान की गई है।

# मकान अपने नाम कराने का दबाव बना रहे बेटे ने पिता को पीटा

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक कलह का एक मामला सामने आया है, जहां एक कलयुगी बेटे ने मकान अपने नाम कराने का दबाव बनाते हुए अपने ही बुजुर्ग पिता के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना गांधी नगर थाना क्षेत्र के देवधरम टंकी के पास हुई है। फरियादी रामू पिता करतार सिंह नायक (50) निवासी ने थाने पहुंचकर अपने बेटे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी रामू ने पुलिस को बताया कि उनका बड़ा बेटा राहुल, जो उनके साथ ही घर में रहता है, पिछले कुछ समय से लगातार उन पर यह दबाव बना रहा था कि वे मकान उसके नाम कर दें। इस पर पिता ने उसे समझाया था कि अभी मैं जिंदा हूं, मेरे मरने के बाद यह मकान अपने आप तेरा हो जाएगा। इसके साथ ही पिता ने बेटे से यह भी कहा कि उन्होंने उसकी शादी में जो खर्च किया था, वे पैसे लौटा दे ताकि वे अन्य लोगों का उधार चुका सकें। इसी बात से बेटा आक्रोशित हो गया और अपने पिता को गालियां देने लगा। जब पिता ने उसे गाली देने से मना किया, तो आरोपी राहुल ने उनके साथ थप्पड़-मुक्कों से जमकर मारपीट की।

# ओपीडी में लाइन में लगने को लेकर विवाद, महिला की पिटाई

## पर्ची कटवाने के दौरान हुई कहासुनी

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक अस्पताल परिसर में मामूली बात को लेकर दो महिलाओं के बीच विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। इलाज के लिए अस्पताल पहुंची एक महिला के साथ पर्ची कटवाने की बात पर कहासुनी हो गई, जिसके बाद आरोपियों ने उसके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना सांवेर रोड स्थित अरविंदो अस्पताल में घटी। फरियादी हेमलता सिंह पति महेंद्र सिंह, निवासी चंद्रभागा भाट मोहल्ला ने थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि वे अपने इलाज के सिलसिले में अरविन्दो अस्पताल गई थीं। अस्पताल की ओपीडी काउंटर पर जब वे अपनी पर्ची कटवा रही थीं, उसी दौरान उनके ठीक पीछे खड़ी एक अन्य महिला से पर्ची कटवाने की प्रक्रिया को लेकर हल्की कहासुनी हो गई। शिकायत के मुताबिक, उस महिला द्वारा कही गई बातें आसपास खड़े लोगों को भी बुरी लगीं। जब हेमलता ने उसे ऐसा कहने से मना किया, तो वह महिला भड़क गई और उसके साथ आई एक अन्य महिला ने भी मिलकर हेमलता के साथ गालियां देते हुए थप्पड़-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उनके साथ जमकर झूमाझटकी भी की, जिसके कारण पीड़ित महिला की पीठ और हाथ में अंदरूनी चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित महिला ने बाणगंगा थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# फर्जी ऐप डाउनलोड कराकर किया मोबाइल हैक, 98 हजार उड़ाए

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में शातिर साइबर अपराधियों ने फर्जी एप्लीकेशन के जरिए एक व्यक्ति का मोबाइल हैक कर उनके बैंक खाते से हजारों रुपये की रकम ट्रांसफर कर ली। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना कनाड़िया थाना क्षेत्र के अंतर्गत अरावली परिसर, भूरी टेकरी निवासी संदीप पिता अंबालाल लबाना के साथ हुई है। फरियादी संदीप ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेसबुक पर ए जी टी व्ही नाम से एक फर्जी लिंक शेयर की गई थी। उस लिंक के माध्यम से उनके मोबाइल में एक फर्जी एप्लीकेशन डाउनलोड करवा ली गई, जिससे उनका मोबाइल पूरी तरह से हैक हो गया। मोबाइल हैक होने के बाद शातिर ठगों ने उनके गूगल पे अकाउंट का उपयोग करते हुए चुपचाप 98 हजार रुपये की राशि का ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर लिया और उनके साथ बड़ी धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

# आदतन अपराधी ब्राउन शुगर सहित पकड़ाया



**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार बार के आदतन अपराधी को 12.90 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ड्रग्स और तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबर की स्कूटी सहित कुल दो लाख रुपए का माल जब्त किया है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, क्राइम ब्रांच की टीम पशु चिकित्सालय के सामने, पत्थर गोदाम रोड पर चेकिंग और गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति बिना नंबर की सफेद रंग की सुजुकी एक्सेस गाड़ी पर संदिग्ध अवस्था में बैठा दिखाई दिया, जो पुलिस वाहन को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम यश मकोरे निवासी छत्रीपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से 12.90 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.20 लाख रुपए है। इसके अलावा 80 हजार रुपए कीमत का दोपहिया वाहन भी जप्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी यश मकोरे 7वीं तक शिक्षित है और शादियों आदि समारोहों में ढोलक बजाने का काम करता है। पूछताछ और पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व से एनडीपीएस और आबकारी एक्ट के तहत कुल 04 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ थाना अपराध शाखा में एनडीपीएस एक्ट नया प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से इस अवैध मादक पदार्थ के स्रोत, मुख्य सप्लायर और उसके पूरे फॉरवर्ड-बैकवर्ड नेटवर्क के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**

**ड्रेनेज विभाग**

**निविदा सूचना**

विज्ञप्ति क्रमांक: 45 दिनांक: 07.10.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | 1. टेंडर क्र. 2. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2. लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. ई.एम.डी. | 1. निविदा की अंतिम तिथि 2. खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_541636 07-10-2026 | झोन क्र. 11 के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर (संलग्न सूची अनुसार) क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन को बदलना। | 6 माह ₹25,98,800/- | ₹5,000/- ₹19,500/- | 06-11-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-11-2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
ड्रेनेज विभाग
नगर पालिक निगम, इन्दौर

# अंतर-महाविद्यालयीन एक्वेटिक्स प्रतियोगिता में प्रीति, सोहम, मानस का उम्दा प्रदर्शन



**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के अंतर्गत आयोजित संभाग स्तरीय अंतर-महाविद्यालयीन एक्वेटिक्स प्रतियोगिता में श्री रावजीभाई गोकुलभाई पटेल गुजराती प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने तैराकी एवं डाइविंग में अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल कौशल का शानदार परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गुजराती प्रोफेशनल महाविद्यालय ने प्रतियोगिता में विजेता का गौरव प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के दौरान डाइविंग स्पर्धा में महाविद्यालय की खिलाड़ी प्रीति शर्मा ने 3 मीटर स्प्रिंगबोर्ड डाइविंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं तैराकी स्पर्धाओं में सोहम सहगल, मानस विश्वकर्मा एवं राजवीर सोनी ने भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता स्थान प्राप्त किए।

प्रतियोगिता में 50 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर फ्रीस्टाइल, 200 मीटर फ्रीस्टाइल सहित बटरफ्लाई, बैकस्ट्रोक एवं ब्रेस्टस्ट्रोक जैसी विभिन्न तैराकी स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न व्यक्तिगत स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल क्षमता का परिचय दिया।

निर्णायक मंडल एवं चयन समिति की रही महत्वपूर्ण भूमिका

प्रतियोगिता के सफल एवं निष्पक्ष संचालन में तैराकी के ऑफिशियल सागर तोंडे, मोहित इमोलिया एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डाइविंग स्पर्धा में मनीष जोशी, प्रखर जोशी एवं उत्कर्ष जोशी ने ऑफिशियल के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई।

## चिराग और गायत्री के पंच एवं किक से जीतेगा मध्यप्रदेश




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नागरकोइल कन्याकुमारी में आयोजित होने वाली 22वीं राष्ट्रीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कराते स्पर्धा में इंदौर जिले के श्रेयस स्कूल में राजेंद्र पाटिल की ईच वन टीच वन मोमेंट से तैयार गायत्री राठौर और चिराग सकवार के किक ओर पंच से काटा व कुमिते में मध्यप्रदेश को बढ़त मिलेगी जिसका दावा उनके कोच ओर एशियन रेफरी रह चुके अमय लश्करी कर रहे है।

## साहू ने स्केटिंग में जीता गोल्ड मेडल



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंटरनेशनल स्कूल द्वारा प्रथम इंटर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता में द मिलेनियम स्कूल के छात्र अगस्त्य साहू ने प्रदर्शन करते हुए क्वाड्स अंडर-6 कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या ममता शेखावत, खेल इंचार्ज गगन चंद्रावत, समस्त विद्यालय परिवार एवं स्केटिंग प्रशिक्षक कृष्णकांत बागरे ने अगस्त्य को बधाई दी।

# पिकलबॉल स्पर्धा में हुए रोचक मुकाबले



**इंदौर।** आईआईएसटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स इंदौर द्वारा आयोजित मध्य भारत की सबसे सबसे बड़ी अंतर्विद्यालयीन प्रतियोगिताओं में दूसरे दिन पिकलबॉल के बॉयज एंड गर्ल्स सिंगल्स के रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पिकलबॉल के फाइनल मैचेस खेले गए। क्रिकेट (बॉयज), बास्केटबॉल (बॉयज) एवं वॉलीबॉल (बॉयज) के क्वार्टर फाइनल्स, सेमी फाइनल्स और फाइनल्स आज खेले जाएंगे।

पिकलबॉल बॉयज विजेता में दिव्यांश सालुंके, उपविजेता विक्रांत मुजाल्दा रहे। पिकलबॉल गर्ल्स में विजेता तनिष्का ठाकुर तथा उपविजेता अक्षरा वर्मा रही। फुटबॉल सेमी फाइनल लाइनअप में इन्फेंट जीसस स्कूल इंदौर, न्यू पटेल इंटरनेशनल स्कूल, श्री माहेश्वरी हायर सेकेंडरी स्कूल इंदौर, और आर्मी पब्लिक स्कूल महू रहे। वॉलीबॉल सेमी फाइनल गर्ल्स में श्री उमिया गर्ल्स स्कूल इंदौर, आर्मी पब्लिक स्कूल महू, शासकीय मालव कन्या स्कूल इंदौर, और सरस्वती बाल विद्या मंदिर स्कूल देवास पहुचें वहीं बालक वर्ग में दी शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, सेंट अर्नाल्ड्स को एड स्कूल पालदा इंदौर, जवाहर नवोदय विद्यालय मानपुर, और देल्ही पब्लिक स्कूल राउ ने प्रवेश किया।

# रोहित शर्मा फिर से बन सकते हैं मुंबई इंडियंस के कप्तान

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2027 से पहले मुंबई इंडियंस के खेमे से एक बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्टों के मुताबिक, फ्रेंचाइजी का टॉप मैनेजमेंट एक बार फिर अपने सबसे सफल कप्तान रोहित शर्मा को टीम की कमान सौंपने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। मुंबई इंडियंस को 5 आईपीएल ट्रॉफियां जिताने वाले रोहित को आईपीएल 2024 से ठीक पहले कप्तानी से हटाकर हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया गया था। हालांकि, कप्तानी में यह बदलाव फ्रेंचाइजी के लिए उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और 2024 में टीम अंक तालिका में सबसे नीचे रही। हालांकि 2025 में टीम ने प्लेऑफ में जगह बनाई, लेकिन 2020 के बाद से मुंबई एक बार भी ट्रॉफी नहीं जीत सकी है।

रोहित की कप्तानी में संभावित वापसी के बाद हार्दिक पंड्या के भविष्य को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, हार्दिक को कोलकाता नाइट राइडर्स या राजस्थान रॉयल्स में ट्रेड करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। मुंबई और राजस्थान के बीच हार्दिक को लेकर ट्रेड बातचीत की खबरें आई हैं, हालांकि यह डील इस बात पर निर्भर करेगी कि मुंबई को बदले में कौन सा खिलाड़ी मिलता है। अगर यह ट्रेड आगे बढ़ता है, तो मुंबई इंडियंस की नजरें राजस्थान रॉयल्स के युवा विस्फोटक सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर हो सकती हैं। रोहित शर्मा की बढ़ती उम्र (2027 में 40 वर्ष) को देखते हुए जायसवाल मुंबई के लिए भविष्य का बड़ा विकल्प बन सकते हैं।

हार्दिक की जगह सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा भी कप्तानी के दावेदार माने जा रहे थे। सूर्या ने भारत को टी20 विश्व कप का खिताब दिलाया था और हार्दिक की गैरमौजूदगी में मुंबई की कप्तानी भी की थी। वहीं, तिलक वर्मा को हाल ही में भारतीय टी20 टीम का उप-कप्तान (श्रेयस अय्यर के कप्तान बनने के बाद) बनाया गया है, जिससे उन्हें भविष्य के कप्तान के रूप में देखा जा रहा था। लेकिन फ्रेंचाइजी फिलहाल किसी नए प्रयोग की बजाय रोहित शर्मा के अनुभव, ड्रेसिंग रूम में स्थिरता और उनकी जीत के ट्रैक रिकॉर्ड को प्राथमिकता देना चाहती है। हार्दिक के कप्तान बनने के बाद टीम के माहौल और एकजुटता पर जो सवाल उठे थे, रोहित की वापसी से उन्हें सुलझाने की उम्मीद है।

रोहित शर्मा आईपीएल 2027 के दौरान 40 साल के हो जाएंगे और उसी साल के अंत में वनडे विश्व कप भी खेला जाना है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि 2027 का सीजन बतौर खिलाड़ी उनका आखिरी सीजन हो सकता है। अगर रोहित कप्तानी संभालते हैं, तो वह इस सीजन का इस्तेमाल मुंबई इंडियंस के भावी कप्तान को ग्रूम करने और फ्रेंचाइजी थिंक-टैंक का हिस्सा बनने के लिए कर सकते हैं। फिलहाल कप्तानी में इस बड़े बदलाव को लेकर मुंबई इंडियंस के पास फैसला लेने के लिए अभी समय है, लेकिन रोहित की वापसी की खबरों ने फैंस के बीच हलचल बढ़ा दी है।

# स्नूकर चैंपियनशिप में जहरा कनिष्का अंतिम आठ में



**इंदौर।** न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल में आयोजित तृतीय आमंत्रण अंतरविद्यालयीन 6-रेड स्नूकर टीम एवं व्यक्तिगत चैंपियनशिप के दूसरे दिन खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए।

अंडर-19 बालिका वर्ग में एनडीपीएस की ज़हरा गेसवाला, कनिष्का हबलानी सहित आठ खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इनमें, चारु लड्ढा एवं कनक राज, अमायरा कोहली, समायरा वर्मा, सान्वी जैन और अनिका माहेश्वरी स्कूल शामिल हैं।

अंडर-15 बालक वर्ग में एनडीपीएस के अतिक्ष नारंग ने भूमिक नाहर को 2-1 से तथा अविरल बैरागी ने अद्वैत मुंद्रा को 2-0 से हराया। खुशाल मधवानी ने अपने ही विद्यालय के आदित्य कटारिया को 2-1 से पराजित किया।

अन्य मुकाबलों में सक्षम वर्मा ने जहान राजानी को 2-0 से, अर्शबीर कोहली ने हिताक्ष शर्मा को 2-0 से तथा उमरगुल अंसारी ने ईशान राजदेव को 2-1 से हराया। वहीं, पर्व बंगा ने फैज़ान मेमन को 2-0 से पराजित किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के साथ अगले दौर के मुकाबलों को लेकर उत्साह बना हुआ है। तीसरे दिन दोनों वर्गों के क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

## दीपक व अरहम का चयन




**इंदौर।** हॉकी इंडिया द्वारा झांसी में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के लिए ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर इंदौर के राष्ट्रीय खिलाडी दीपक यादव का दादर नगर हवेली दमन दीव हॉकी नेशनल टीम में एवं अरहम अंसारी का तेलंगाना प्रदेश की नेशनल टीम में चयन हुआ। दीपक व अरहम के मुख कोच मो. याकुब अंसारी है। दीपक व अरहम ने कई बार मध्यप्रदेश टीम का भी प्रतिनिधित्व किए है। दीपक व अरहम के चयन पर हॉकी इंदौर एसोसिएशन के अध्यक्ष व विधायक रमेश मंदोला, संरक्षक ओम सोनी, संयोजक जसराज मेहता, उपाध्यक्ष डा ए के दास, मो इस्माईल अंसारी, दीपक पटेरिया ,सचिव किशोर शुक्ला, सहसचिव मो याकुब अंसारी,कोषाध्यक्ष नजमुदीन खुर्शीद, आंनद यादव, डा रफीक खान, अतुल खुणे, नितिश गौड, अभिषेक यादव, गुलाम साबिर, शशांक परदेशी, मंजीत सिंह,कोच शिव कुमार चौहान, नवेद अंसारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## अथर्व यादव की घातक गेंदबाजी से खण्डवा जिले की विशाल जीत

**इंदौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत खण्डवा जिला एवं बुरहानपुर जिले के मध्य दो दिवसीय मैच खेला गया जिसमें पहले दिन बुरहानपुर ने पहले बल्लेबजी करते हुए अपनी पहली पारी में 13 ओवरो में सभी विकेट खोकर मात्र 31 रन बनाये। केवल आदित्य गौतम ही दोहरी संख्या 11 रनों तक पहुंच सके। अथर्व यादव व अभिराज सिंह ने 4-4 विकेट एवं भव्य मालाकार ने 2 विकेट लिये। जवाब में खण्डवा की टीम ने अपनी पहली पारी मे 47 ओवरो में सभी विकेट खोकर 126 रन बनाकर 99 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की। भव्य मालाकार ने सर्वाधिक 38 रन बनाये। आतिश महाराज एवं आदित्य गौतम ने 3-3 विकेट लिये। बुराहानपुर ने अपनी दूसरी पारी में 22 ओवरो में सभी विकेट खोकर 90 रन ही बना पाई और यह मैच एक पारी और 9 रनों से हार गई और दो दिवसीय मैच 1 दिन में ही समाप्त हो गया। अथर्व यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 16 रन देकर 6 विकेट एवं अभिरा व तन्मय ने 2-2 विकेट हासिल किये। अथर्वा यादव ने पुरे मैच में 10 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया।



## इंदौर-देवास में लोकायुक्त का बड़ा छापा...

# प्रधान आरक्षक के 15 ठिकानों पर सर्चिंग 6.26 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति

### प्रधान आरक्षक फिरोज खान और सह-आरोपी रोशनी वर्मा के खिलाफ केस दर्ज, आय से 223% अधिक संपत्ति, इन्दौर-उज्जैन सम्भाग की लोकायुक्त टीम ने सुबह 6 बजे शुरू की कार्रवाई



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लोकायुक्त ने आय से अधिक संपत्ति और अवैध लेन-देन के गंभीर मामले में पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) इंदौर में पदस्थ प्रधान आरक्षक चालक फिरोज खान के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। बुधवार तड़के प्रधान आरक्षक के इंदौर और देवास स्थित 15 अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ सर्चिंग कार्रवाई शुरू की गई। जांच में आरोपी प्रधान आरक्षक के पास उसकी वैध आय से लगभग 223 प्रतिशत अधिक यानी 6 करोड़ 26 लाख रुपये से अधिक की अनुपातहीन संपत्ति का खुलासा हुआ है।

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय को शिकायत मिली थी कि पीटीसी मे पदस्थ प्रधान आरक्षक फिरोज खान विभाग से लगातार अनुपस्थित रहकर पुलिस पद के प्रभाव से देवास और आसपास के क्षेत्रों में विवादित जमीनों, भूखंडों और रियल एस्टेट कारोबार में हस्तक्षेप कर रहा है। वह अपनी पत्नी, माता और परिचित रोशनी वर्मा के नाम से बेनामी संपत्तियों की खरीद-फरोख्त कर रहा था। उप पुलिस अधीक्षक सुनील तालान द्वारा की गई प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी की वेतन से अनुमानित आय लगभग 75 लाख रुपये और अन्य वैध स्रोतों को मिलाकर कुल आय 1.93 करोड़ रुपये आंकी गई थी। हालांकि, आरोपी द्वारा अर्जित संपत्तियों का वर्तमान मूल्य 6करोड़ 26 लाख 67 हजार 879 रुपये पाया गया, जो कि आय के ज्ञात स्रोतों से 223 फीसदी अधिक है।



### इंदौर के 4, देवास के 11 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई

लोकायुक्त इंदौर और उज्जैन संभाग की संयुक्त टीमों द्वारा इंदौर के 4 और देवास के 11 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। जांच के दौरान लोकायुक्त की टीमों को देवास के आदर्श नगर स्थित निज निवास, देवास सीनियर वार्ड क्रमांक 30 स्थित मकान, इंदौर के बाणगंगा स्थित महेश यादव नगर में सह-आरोपी रोशनी वर्मा के निवास और रिंग रोड इंदौर स्थित मनोरमा अपार्टमेंट स्कीम नंबर 94 में आरोपी की माता के नाम दर्ज दो फ्लैट्स का पता चला है। इसके अलावा श्रीनगर कॉलोनी मेन स्थित श्रीदेवी अपार्टमेंट में फ्लैट, देवास के वार्ड क्रमांक 7 स्थित पुष्पकुंज कॉलोनी व अवंतिका इटावा क्षेत्र में कई भूखंड, देवास विकास प्राधिकरण की विजय नगर कॉलोनी में एचआईजी जूनियर भवन तथा इंदिरा गांधी नगर कॉलोनी में स्थित दो भूखंडों की जानकारियां भी सामने आई हैं।

### जांच में सामने आई बेशकीमती संपत्तियां

जमीन और कृषि संपत्ति की पड़ताल में लोकायुक्त को देवास के ग्राम गजीपुरा बागली में सर्वे क्रमांक 142 व 82 की कृषि भूमियां, सांवेर के ग्राम गुरान में 10.2 बीघा व 11.77 बीघा कुल लगभग 22 बीघा कृषि भूमि, देवास बायपास स्थित ग्राम जेतपुरा में व्यावसायिक व कृषि भूखंड तथा ग्राम गदूखेड़ी में भी कृषि भूमि दर्ज पाई गई है। इतना ही नहीं, देवास के राधागंज में आरोपी के चालक नफीस खान के आवास पर भी दबिश दी गई है। व्यावसायिक निवेश की जांच में आरोपी की माता व पत्नी के नाम 'साहिल ट्रेडिंग कंपनी' नामक फर्म मिली है, जिसके बैंक खातों में करोड़ों रुपये के लेन-देन की पुष्टि हुई है। वहीं सह-आरोपी रोशनी वर्मा द्वारा रोशनी सेल्स एंड सर्विस फर्म का संचालन करने तथा आरोपी फिरोज खान द्वारा रॉयल ग्रीन रियल स्टेट के माध्यम से बड़े पैमाने पर जमीनों के सौदों में निवेश करने की बात भी सामने आई है। जांच में यह बात भी साबित हुई है कि सांवेर के ग्राम गुरान में एक पारिवारिक भूमि विवाद का फायदा उठाकर फिरोज खान ने अपनी परिचित रोशनी वर्मा के नाम से लगभग 21.75 बीघा कृषि भूमि का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कराया था। यह भूमि परोक्ष रूप से फिरोज खान द्वारा ही खरीदी जा रही थी, जिसके आधार पर रोशनी वर्मा को भी मामले में सह-आरोपी बनाया गया है।

### 125 कर्मचारियों की टीम छापे की कार्रवाई में शामिल

लोकायुक्त की इस व्यापक कार्रवाई में डीएसपी सुनील तालान, डीएसपी दीपक सेजवार, डीएसपी आनंद चौहान, डीएसपी दिनेशचंद्र पटेल और निरीक्षकों सहित लगभग 125 अधिकारियों और कर्मचारियों का दल शामिल है। पुलिस की टीमें सभी 15 ठिकानों पर दस्तावेज, बैंक लॉकर, सोने-चांदी के आभूषणों और वाहनों का विस्तृत ब्योरा खंगाल रही हैं। लोकायुक्त पुलिस का कहना है कि जांच आगे बढ़ने के साथ और भी कई बेनामी संपत्तियों का खुलासा होने की संभावना है।

### जमीन के मामले में हुई थी शिकायत

फिरोज खान फिलहाल पीटीसी से गैर हाजिर चल रहे है। लोकायुक्त डीएसपी सुनील तालान के अनुसार सांवेर के बुडान क्षेत्र में रहने वाले एक पिता-पुत्र का जमीन का विवाद चल रहा है। पिता से फिरोज ने जमीन खरीदने का अनुबंध रोशनी वर्मा के माध्यम से किया था। इस मामले में फरियादी ने शिकायत की और लोकायुक्त टीम ने सत्यापन कर आय से अधिक सम्पत्ति की जांच की। इसके बाद आय से अधिक इन्दौर और देवास में 20 सम्पत्ति पाई गई।

## सब्जी बेचकर लौट रहे ठेला चालक को बाइक ने उड़ाया, कई फीट उछलकर सड़क पर गिरा, मौत



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के जबरन कालोनी क्षेत्र में सड़क किनारे ठेला लगाकर सब्जी बेचने वाले एक व्यक्ति को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह कई फीट हवा में उछलकर सड़क पर जा गिरे। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना जबरन कॉलोनी सोनकर धर्मशाला के पास घटी। मृतक का नाम मनीष पिता रविंद्र(42) निवासी आलापुराहै।फुफेरे भाई दीपक ने बताया कि मनीष ठेला लगाकर सब्जी बेचने का काम करते थे। घटना के समय वे जबरन कॉलोनी में किसी काम से अपने ठेले के पास गए थे। जब वे वहां से वापस लौट रहे थे, तभी सड़क किनारे एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनीष कई फीट उछलकर दूर जा गिरे और उनके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए इलाज शुरू किया, लेकिन देर रात उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। जूनी इंदौर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और टक्कर मारने वाले अज्ञात बाइक चालक की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## पड़ोसियों के साथ गए थे दर्शन करने देवास...चोरों ने बोल दिया दो घरों पर धावा



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के गुरु शंकर नगर में बीती रात चोरों ने दो सूने मकानों पर धावा बोल दिया। आसपास के चार पड़ोसी देवास माता दर्शन करने गए थे। रात करीब 3 बजे जब लौटे तो देखा मकान का ताला टूटा हुआ है और अन्दर सामग्री अस्त-व्यस्त है, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी।**

**मोहल्ले के अन्य घरों का बाहर से लगा दिया दरवाजा, आभूषण और नगदी ले उड़े**

मिली जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 1 से 2 बजे के बीच हुई। अंकित गंधर्व ने बताया कि वे पड़ोसियों के साथ देवासा माता टेकरी दर्शन के लिए गए थे। उनके साथ पडोसी निर्मल शर्मा और अन्य भी थे। चोरों ने अंकित और निर्मल के घर पर धावा बोल दिया। मिस्त्री का काम करने वाले अंकित के घर से सोने-चांदी के आभूषण और 20 हजार रुपये नगदी चोर ले गए। वहीं दुकान पर काम करने वाले निर्मल शर्मा के घर से सोने का पेंडल और अन्य आभूषण के अलावा 1 हजार रुपये नगदी चोर ले गए। द्वारकापुरी पुलिस सूचना के बाद मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। अंकित ने बताया कि एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें युवक मोहल्ले के अन्य घरों का दरवाजा बाहर से बंद करता हुआ नजर आ रहा है। वहीं जब एक घर बाहर से बंद नहीं हुआ तो उसने कपडे से उसे बांध दिया।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।